Daily THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Sunday, 12 May 2024 ● Year : 02 ● Issue : 113 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

निरोगी रहना, किसी का कर्जदार न होना, अच्छे लोगों से मेल रखना, अपनी वृत्ति से जीविका चलाना और निर्भय होकर रहना- ये मनुष्य के सुख हैं।

Ahan Shetty, Pooja Hegde's High...

SHARE

सेंसेक्स	:	72,664.47
निफ्टी	:	22,055.20

SARAFA

सोना	:	6,885
चांदी	:	90.05

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

धुर्वा डैम में नहाने के दौरान डूबकर दो बच्चों की मौत

RANCHI : नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित धुर्वा डैम में शनिवार को डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से बच्चों को डैम से बाहर निकालने की कोशिश कर रही है। डूबे हुए बच्चों में आलोक कुमार (15) और बंटू कुमार शामिल है। दोनों बच्चें शर्मा कॉलोनी धुर्वा के रहने वाले हैं। नहाने के दौरान दोनों बच्चे डैम में बने खतरे के निशान को पार कर गए। इसी दौरान दोनों बच्चे डूब गए। नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया नहाने के दौरान दो बच्चे डूबे है। एनडीआरएफ टीम को भी सूचना दी गयी है।

तेजी से करवट ले रहा मौसम, 14 तक बारिश

RANCHI : झारखंड में मौसम तेजी से करवट ले रहा है। शनिवार की दोपहर रांची से सटे तमाड़ में बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। मौसम केंद्र के अनुसार 12 से 14 मई तक मेघ गर्जन के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए तात्कालिक अलर्ट जारी किया है। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य के कुछ स्थानों पर तेज गति से हवा चलने की आशंका है। इसकी रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। इसका प्रभाव चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, रामगढ़, रांची, सरायकेला-खरसावां,पलामू जिले के कुछ भागों में देखने को मिलेगा।

रांची में एक कार से 3.35 लाख कैश बरामद

RANCHI : विधानसभा थाना क्षेत्र में एक कार से 3.35 लाख रुपये कैश बरामद हुआ है। कैश की बरामदगी शनिवार की शाम में हुई है। जानकारी के मुताबिक, मुताबिक एक लाल कलर की स्विफ्ट कार से कैश बरामद हुआ है। कार में तीन युवक सवार थे, जिसमें से एक युवक मौके से फरार होने में सफल रहा है। कैश बरामद होने की सूचना के बाद केंद्रीय जांच एजेंसी के कान खड़े हो गए है।

दूल्हे समेत 4 की कार में जिंदा जलकर मौत

JHANSI : झांसी में शनिवार देर रात भीषण हादसे में दूल्हा, भाई-भतीजा समेत चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बारात लेकर जा रहे दूल्हे की कार को ट्रक ने टक्कर मारी। कार में लगे एलपीजी सिलेंडर फट गया और आग लग गई। कार सवार दो लोगों को बचा लिया गया है। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से भाग गया। हादसा झांसी-कानुपर हाईवे पर बड़ागांव थाना क्षेत्र के पारीछा ओवरब्रिज पर हुआ।

मिशन 2024 : चतरा में झामुमो, कांग्रेस और राजद पर प्रधानमंत्री ने साधा निशाना

बोले पीएम मोदी- 'इंडी' वालों से देश व झारखंड को बचाएं, इनकी नीयत खराब

PHOTON NEWS CHATRA : शनिवार को झारखंड के चतरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भ्रष्टाचार को लेकर झामुमो, कांग्रेस व राजद पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन के कारनामे और सोच से झारखंड और देश को बचाना समय की मांग है। इनकी नीयत खराब है। झामुमो व कांग्रेस के नेताओं के ठिकानों से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं। झारखंड के मंत्री, मंत्री का पीस, नौकर सबके पास जितने रुपये निकल रहे हैं, मैंने कभी अपनी आंखों से नहीं देखा। कर्मचारी के घर से जब करोड़ों रुपये मिल रहे हैं, तो मालिकों की तिजोरियों में कितना काला धन होगा? कांग्रेस सांसद के पास से तो 300 करोड़ से ज्यादा कैश मिला। नोट गिनने वाली मशीने हांफने लगीं। यह पैसा किसका है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मां भद्रकाली और मां छिन्नमस्तिके के चरणों में प्रणाम करता हूं। आज चतरा की धरती पर जनसैलाब उमड़ा है। जितना अंदर है, उसका चार गुना बाहर है। आपका यह स्नेह चार जून को आने वाले परिणाम को लेकर दुविधा में पड़े लोग आकर यहां देख लें। चार जून के नतीजे क्या होंगे, यह चतरा की धरती पर दिखायी दे रहे हैं। तीन चरणों के चुनाव के बाद ही कांग्रेस और उसके साथियों ने एक तरह से अपनी हार स्वीकार कर ली है। इंडी एलायंस के एक बड़े नेता ने महत्वपूर्ण बयान दिया है। तीन दिन हो गये। जो लोग राजनीतिक परिस्थितियों के जानकार हैं। उनकी नजर उधर गयी लगती नहीं है।

- हाल यह है कि यहां पर कर्मचारी के घर से मिल रहे करोड़ों रुपये
- कांग्रेस सांसद के पास से तो 300 करोड़ से ज्यादा कैश मिला
- मालिकों की तिजोरियों में कितना काला धन होगा?
- जहां-जहां विस का चुनाव वहां बनेगी एनडीए की सरकार

चतरा की चुनावी रैली में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

ये क्षेत्रीय पार्टियों का अस्तित्व कर देना चाहते हैं समाप्त

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि चुनाव के बाद इंडी एलायंस के साथ जुड़ी क्षेत्रीय पार्टियों, छोटे राजनीतिक दलों का कांग्रेस में विलय कर देना चाहिए। यह कांग्रेस के नेता का नहीं, बल्कि एक छोटी पार्टी के बड़े नेता का बयान है। उन्होंने कहा है कि झामुमो जैसे छोटे दलों का विलय कांग्रेस में कर देना चाहिए। उन्होंने ऐसा सुझाव क्यों दिया? उनके मन में इतनी हताशा और निराशा घर कर गयी है कि चार जून के बाद अपनी पार्टी का अस्तित्व मिटा कर कुछ दिन गुजारा करने की सोच रहे हैं। वह क्षेत्रीय पार्टियों का अस्तित्व समाप्त कर देना चाहते हैं। पिछले तीन चरणों के मतदान के रूझान के बाद मुझे समय में आया कि उन्होंने ऐसा क्यों कहा? उनके मन में पक्का हो गया है कि कांग्रेस और उनके साथी सब मिला कर भी विपक्ष के लिए 10 प्रतिशत यानी 50 से थोड़ी ऊपर सीटें भी नहीं आयेगी। अगर कांग्रेस में विलय कर देंगे, तो पूरे समूह को विपक्ष के रूप में मान्यता मिल जाये। देश की जनता ने तिकड़म लगाने वालों को तीन चरणों में ही ऐसा सबक सिखा दिया है कि वो विलय करके विपक्ष के लिए जगह खोज रहे हैं। देशवासियों को एडवांस में बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं ओडिशा से आ रहा हूं। उसके पहले तेलंगाना में था। आंध्र भी जाकर आया हूं। मैं जिम्मेवारी के साथ कहता हूं कि इस चुनाव के साथ-साथ जहां-जहां विधानसभा चुनाव भी साथ चल रहे हैं, विधानसभा में भी भारी बहुमत से एनडीए की सरकारें बनेगी। शहजादे को, उनकी पार्टी को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलने वाली हैं।

भ्रष्टाचारियों पर करेंगे कार्रवाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस पर कोई दाग नहीं लगा है, वो आपका बेटा मोदी ही इन भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई कर सकता है। झामुमो और कांग्रेस का एक ही एजेंडा है। न काम करेंगे ना करने देंगे और बिना बिना दाम काम का नाम नहीं। यह इनका खेल है। खुद तो भ्रष्टाचार के अलावा कुछ करते नहीं हैं। मोदी जो काम करता है, उसे भी रोकने में लगे रहते हैं। मोदी देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दे रहा है। ये चाहते हैं कि मोदी का भेजा राशन गरीबों को मिले ही नहीं। जब गरीब मोदी को आशीर्वाद देता है, तो उनको चिढ़ होती है। हर घर जल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन शुरू हुआ है, लेकिन झारखंड सरकार उसमें भी गड़बड़ कर रही है।

प्रेस कांफ्रेंस में बोले सीएम केजरीवाल

जनता के हाथ में है देश को तानाशाही से बचाना

AGENCY NEW DELHI : शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद पहली बार प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें उन्होंने देश को तानाशाही से बचाने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अपनी राजनीतिक विरासत अमित शाह को सौंप देंगे। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता में वापसी के साथ एक देश, एक नेता वाली स्थिति बन जाएगी। वे देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल देंगे जैसे उन्हें जेल में डाला गया। उन्होंने ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे और एमके स्टालिन का नाम लेते हुए कहा कि इन्हें जेल में डाला जाएगा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता देश को तानाशाही से बचा सकती है। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पार्टी के नेताओं को ही साइडलाइन कर दिया है।

- अपनी राजनीतिक विरासत अमित शाह को सौंप देंगे पीएम
- देश के सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल देंगे
- अपनी पार्टी के नेताओं को ही प्रधानमंत्री ने कर दिया साइडलाइन

पुरुलिया-बराकर राजमार्ग पर हुआ हादसा

ट्रक ने मारी कई वाहनों को टक्कर, पांच की मौत

PHOTON NEWS PURULIA : शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिले से सटे बंगाल के पुरुलिया जिले में एक ट्रक ने स्टेट हाईवे पर कई वाहनों को टक्कर मार दी, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई है। छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह घटना नितुरिया में पुरुलिया-बराकर राजमार्ग पर हुई। पुरुलिया से बराकर जाने के क्रम में भामुरिया मोड़ के पास तेज गति से आ रही एक ट्रक ने सबसे पहले यात्रियों से भरी एक टोटो को टक्कर मारी। पुरुलिया के एसपी अभिजीत बनर्जी के अनुसार, सड़क निर्माण के लिए कंक्रीट ले जा रहे ट्रक ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जब स्थानीय लोग चालक को पकड़ने के लिए ट्रक की ओर दौड़ने लगे, तो चालक ने घटनास्थल से भागने का प्रयास किया। इस अफरा-तफरी में उसने पहले यात्रियों से भरे एक तिपहिया वाहन, फिर कुछ राहगीरों को टक्कर मार दी। बाद में, वह घटनास्थल से फरार हो गया।

- छह अन्य लोग गंभीर रूप से हो गए घायल
- राहगीरों को भी कुचला
- आक्रोशित स्थानीय लोगों ने स्टेट हाईवे को किया जाम
- पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

सोनिया गांधी हिंदू हैं क्या जो जाएंगी अयोध्या : हिमंत

BOKARO : असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा शनिवार को झारखंड में थे। चुनाव प्रचार के दौरान मौसम बिगड़ने से वे बोकारो में ठहर गए। यहां उन्होंने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बेबाक अंदाज में बातचीत की। एक सवाल पर शर्मा ने कहा कि पूरे देश में मोदी चुनाव लड़ रहे हैं, जिनका चुनाव चिह्न कमल है। तीन चरण का चुनाव हो चुका है, जिसमें भाजपा 400 सीटों के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कांग्रेस की सरकार बनने पर राम मंदिर के शुद्धिकरण के सवाल पर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता का बयान मतलब सोनिया गांधी का बयान है। सोनिया गांधी कोई हिंदू हैं कि वे राम मंदिर जाकर शुद्ध करेंगी। राम मंदिर का निर्माण उच्चतम न्यायालय के निर्णय पर हुआ है। जो छूने की कोशिश करेगा, वह सीधा जेल जाएगा। अयोध्या का राम मंदिर देश के 100 करोड़ हिंदुओं की आस्था का केंद्र है। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान से संबंधित बयान पर कहा कि कांग्रेस व उनके नेताओं को भारत की नहीं, पाकिस्तान की चिंता है। जिस प्रकार पाकिस्तान गरीबी झेल रहा है, उसके पास एटम बम के रखरखाव तक का पैसा नहीं है।

लोस चुनाव : पहले के पत्र को अस्वीकार करने का जानना है कारण

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बोले- एक बार फिर लिखेंगे चुनाव आयोग को लेटर

AGENCY NEW DELHI : कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक बार फिर से चुनाव आयोग को पत्र लिखेंगे। इस बार उनके पत्र लिखने का आशय पिछली बार उनके द्वारा भेजे गए पत्र को अस्वीकृत किए जाने का कारण जानना है। चुनाव आयोग ने मौजूदा लोक सभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में विसंगति के बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 6 मई के पत्र में उठाए गए सवालों को आरोप बताते हुए शुक्रवार को खारिज कर दिया है। शनिवार को खड़गे ने कहा, मैं एक बार फिर पत्र लिखकर चुनाव आयोग से अस्वीकृति का कारण पूछूंगा लेकिन मैं इसे वहां पहुंचने से पहले प्रेस को जारी नहीं करूंगा।

ईसीआई ने चुनाव में बाधा डालने के लिए लगाई थी फटकार



खड़गे ने आयोग को लिखे पत्र में छह सवाल उठाए थे और उस पत्र को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर डाल दिया था। भारत निर्वाचन आयोग ने पत्र मिलने के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे को लोकसभा चुनाव में बाधा डालने के लिए फटकार लगाई। आयोग ने उनके बयानों को आक्रामक कहा। आयोग ने यह भी कहा कि मतदाता मतदान डेटा जारी करने के संबंध में उनके (खड़गे) निराधार आरोप स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन में भ्रम, गलत दिशा और बाधाएं पैदा करने के लिए लगाए गए हैं। आयोग ने आशंका भी जताई कि उनके बयान से मतदाताओं की भागीदारी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल उठाया था कि वोट डाले जाने के बाद चुनाव आयोग टर्नआउट के आंकड़े जारी करने में क्यों देरी कर रहा है।

पीएम की बातें खोखली, कोई विजन नहीं : प्रियंका

NANDURBAR : शनिवार को कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने महाराष्ट्र के नंदूरबार में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चुनावी भाषणों को खोखली बातें करार दिया और आरोप लगाया कि वह राजनीति का इस्तेमाल केवल सत्ता हासिल करने के लिए कर रहे हैं, न कि लोगों की सेवा के लिए। वह नंदूरबार लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार गोवाल पाडवी के समर्थन में यहां एक लोगों को संबोधित कर रही थीं। बता दें कि पीएम मोदी ने एक दिन पहले इस आदिवासी बहुल निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित किया था। प्रियंका ने कहा, 'पीएम मोदी जो भी बोलते हैं, वे खोखली बातें हैं जिनमें कोई वजन नहीं होता।'

बठिंडा बेस पर तैनात किया जाएगा दृष्टि-10 ड्रोन, पाकिस्तान सहित पश्चिमी बॉर्डर पर होगी टाइट निगरानी

6 दिन बाद सेना को मिलेगा पहला हर्मीस-900 स्टारलाइनर

स्ट्रांग आर्मी

AGENCY NEW DELHI : पाकिस्तान से लगी भारतीय सीमा पर निगरानी को बढ़ाने में मददगार हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोन आज से ठीक 6 दिन बाद यानी 18 मई को हैदराबाद में भारतीय सेना को मिलेगा। यह सेना को मिलने वाला पहला ड्रोन है। हालांकि, सबसे पहला हर्मीस-900 जनवरी में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। दूसरा ड्रोन सेना ले जा रही है। भारतीय सेना अपने बठिंडा बेस पर दृष्टि-10 ड्रोन को तैनात करेगी जहां से वह पाकिस्तान के साथ पूरी पश्चिमी सीमा पर नजर रख सकेगी। इसके बाद तीसरा ड्रोन नौसेना और चौथा सेना को दिया जाएगा। भारतीय सेना के पास पहले से ही हेरॉन मार्क 1 और मार्क 2 ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन मेक इन इंडिया के तहत सेना ने दृष्टि-10 या हर्मीस-900 ड्रोन के लिए ऑर्डर भी दिए हैं।

चीन-पाक बॉर्डर पर हेरोन मार्क-2 ड्रोन तैनात

भारत ने नॉर्दर्न सेक्टर के फॉरवर्ड एयरबेस पर एडवांस्ड हेरोन मार्क-2 ड्रोन तैनात किए हैं। ये ड्रोन्स लॉन्ग रेंज मिसाइलों से दुश्मन पर हमला करने में सक्षम हैं। इसके अलावा एक ही उड़ान में चीन-पाकिस्तान दोनों सीमाओं की निगरानी भी कर सकते हैं। हेरोन मार्क-2 ड्रोन्स इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने बनाए हैं। इनसे एक ही उड़ान में कई मिशन को अंजाम दिया जा सकता है।

ऑपरेशनल टाइम बढ़ा

ड्रोन स्क्वॉड्रन के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर पंकज राणा ने बताया- हेरोन मार्क-2 बहुत सक्षम ड्रोन है। यह लंबे समय तक टिकने में सक्षम है और बड़े इलाके में निगरानी कर सकता है। मॉडर्न एवियोनिक्स और इंजन की वजह से ड्रोन का ऑपरेशनल टाइम बढ़ा है। ये सैटेलाइट कम्युनिकेशन से भी लैस है और टारगेट की 24 घंटे निगरानी करने में सक्षम है।

अडाणी डिफेंस की इजरायल फर्म से डील

अडाणी डिफेंस ने ड्रोन की टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के लिए इजरायली फर्म एल्बिट के साथ डील की थी। अडाणी डिफेंस के मुताबिक उसने 70 प्रतिशत ड्रोन का स्वदेशीकरण कर लिया है और आगे का काम जारी है। भारतीय सेना ने इजराइल के कुछ और सैटेलाइट कम्युनिकेशन कर सकने वाले ड्रोन को भी शामिल किया है। इसमें इजराइली एयरक्राफ्ट इंडस्ट्री के साथ सीधे सौदे में लिए गए कुछ हेरॉन मार्क 2 भी हैं। नौसेना इन्हें पाकिस्तान के साथ समुद्री सीमा पर नजर रखने के लिए पोरबंदर में तैनात करने जा रही है, इनमें 30 घंटे से ज्यादा उड़ान भरने और एक बार में 2000 किमी दूरी तय करने की क्षमता है। भारत के अलावा ये ड्रोन चिली, कनाडा, अजरबैजान, मैक्सिको, ब्राजील, कोलंबिया, फिलीपींस और स्विटजरलैंड के पास भी हैं। इसके अलावा, आर्मी एविएशन कोर चीन-पाकिस्तान बॉर्डर पर नई एविएशन ब्रिगेड भी तैनात करने वाली है। फिलहाल 3 ब्रिगेड सीमा पर ऑपरेशन में हैं।

किस प्रकार खास है हर्मीस-900

हर्मीस 900 दो तरह से टारगेट हिट कर सकता है। पहला- अगर किसी व्हीकल के ड्राइवर को मारना है तो हम सिर्फ उसे ही मार गिराएंगे, बाकी पैसेंजर्स को कोई नुकसान नहीं होगा। दूसरा- अगर किसी इलाके में मौजूद किसी बड़े टारगेट को तबाह करना है तो 10 मीटर दायरे में यह किसी भी चीज का नाम-ओ-निशान मिटा देगा।

आज से श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएंगे बदरीनाथ धाम के कपाट, तैयारी पूरी

DEHRADHUN : उत्तराखंड के विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार को प्रातः छह बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे। चारधामों में से तीन धाम केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के मौके पर 10 मई को खुल चुके हैं। मंदिर समिति की ओर से बदरीनाथ के कपाट खुलने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हजारों की संख्या में तीर्थयात्री धाम पहुंच गए हैं। धाम में मौसम सर्द बना हुआ है। शनिवार पूर्वाह्न 11 मई को योग बदरी पांडुकेश्वर से श्री उद्धव और श्री कुबेर सहित आदि गुरुशंकराचार्य की पवित्र गद्दी और बदरीनाथ धाम के रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी के साथ गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा दोपहर को बदरीनाथ धाम पहुंची। लामबगड़, हनुमान चट्टी, बदरीनाथ मंदिर के निकट देवडोलियों का स्वास्तिवाचन और फूल वर्षा से स्वागत हुआ। कपाट खुलने के कार्यक्रम के अनुसार 12 मई सुबह चार बजे से मंदिर समिति पदाधिकारी, धर्माधिकारी वेदपाठी हक हकूक धारी मंदिर परिसर में मंदिर के द्वार पूजन को पहुंचेंगे।

घटना को अंजाम देने के बाद किया सुसाइड

मां को मारी गोली, पत्नी व 3 बच्चों की भी ले ली जान

भयावह वारदात

AGENCY SITAPUR : सीतापुर में युवक ने अपने परिवार को खत्म कर दिया। मां को गोली मारी। पत्नी को गोली मारने के बाद सिर हथौड़े से कूच दिया। 3 बच्चों को छत से फेंक कर मार दिया। फिर घर के बाहर आया, खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। मामला थाना रामपुर के पालापुर गांव का है। युवक गांव में रहकर 100 बीघा जमीन पर खेती करता था। पत्नी लखनऊ में एक इंश्योरेंस कंपनी में नौकरी करती थी। 3 बच्चों को लेकर अलीगंज के सरगम कॉम्प्लेक्स में रहती थी। तीनों बच्चे लखनऊ में सीएमएस की अलीगंज ब्रांच में पढ़ते थे। शुक्रवार सुबह ही पत्नी बच्चों को लेकर गांव पहुंची थी। सीतापुर एसपी चक्रेश मिश्रा ने कहा- 45 साल के अनुराग ने पत्नी प्रियंका (40), तीन बच्चे अरना (12), अरवी (7), आद्विक (8) और 62 साल की मां सावित्री सिंह की हत्या कर दी। फिर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया।

- उत्तर प्रदेश के सीतापुर में दिल दहला देले वाली घटना
- नशा मुक्ति केंद्र भेजने के विरोध में शराबी युवक ने परिवार को उतारा मौत के घाट

कविता

सविता सिंह मीरा
जमशेदपुर

रंग ऐसा रंगों

रंगों से तुम कभी न डरना
रंग बदलते रंग नहीं।
तुम चाहे कितने ही बदलो
कभी बदलते ढंग नहीं।।

एक रंग छूट कर दूजे को,
खुद के रंग में रंग देता।
पल-पल रंग बदलते रहना
तेरा क्या है रंग बता ।

एक रंग के ही रहना तुम
जो रंग तेरा पक्का हो
उसी रंग में रमना तुम तो
जो रंग तेरा सच्चा हो।

रंग प्रीत का सबसे बेहतर
बस उसमें ही रम जाना।
सूरज के आते ही जैसे
तिमिर रात्रि का थम जाना।



यमुना तिवारी व्यथित
कार्यकारी अध्यक्ष, साहित्य समिति, तुलसी भवन

कुहू कुहू बोले रे कोयलिया

कुहू कुहू बोले रे कोयलिया,
बिरह के गीत सुनाए केायलिया।
नव पल्लव हर विटप पे आए
आमृवृक्ष देखो मोजराए,
फूलों से गदराई बगिया
नंदन वन सी शोभा पाए,
मंद मधुर तन लागे बयरिया
का करूं परदेशे संवरिया।
कुहू कुहू बोले रे कोयलिया।।

रात नींद, दिन चैन न आए
हर पल पापी बिरह सताए,
आंखों में सपने लहराए
कंत हमारे घर ना आए,
टूटा सपना नयना बरसे
अब तो आजा मोरे संवरिया।
कुहू कुहू बोले रे कोयलिया।।

नीर बहे मोरी भींजे छतिया

बहुत सतावे तोरी सुरतिया,
याद आवे प्यार की बतिया
मिलन अरु मनुहार की रतिया,
प्रियतम अब तो रहा न जाए
बोझ बनी है मोरी जिनिगिया।
कुहू कुहू बोले री कोयलिया।।

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

मुन्नार : अभूतपूर्व सौंदर्य का प्रतीक

घुमक्कड़ की पाती मुन्नार वर्तमान में दक्षिण भारत के सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाले पर्यटन स्थलों में आता है। इस जगह पर रहते हुए इरविकुलम राष्ट्रीय उद्यान, आनामुड़ी चोटी, माट्टूपेट्टी, पल्लिवासल, चिन्नक्कनाल और आनयिरंगल, टॉप स्टेशन, चाय का म्यूज़ियम जैसी जगहों को देखा और वहाँ घूमा जा सकता है। मेरी मुन्नार घूमने की शुरूआत मुन्नार पहुंचने से पहले हो गई थी। कोचिन से जैसे ही निकला एक दोस्त ने बताया कि मुन्नार शहर कई साल पहले मुथुवन ट्राइबल समुदाय का घर था और 19 वीं शताब्दी से पहले तक इसे एक अज्ञात जगह के तौर पर जाना जाता था। जॉन मुनरो जो कि एक स्कॉटिश सैनिक थे और एक प्रशासक के रूप में त्रावणकोर और कोचीन राज्यों में अपनी सेवा दी थी उन्होंने ही मुन्नार शहर की स्थापना की।

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

इस बार की यात्रा भी पहाड़ की यात्रा होते हुए भी मेरी बाकी यात्राओं से अलग थी। सुबह की फ़्लाइट से मुझे कोचिन पहुंचना था और फिर टेक्सी लेकर मुन्नार जोकि एयरपोर्ट से लगभग 110 किमी की दूरी पर स्थित है। यह जगह सिर्फ. भौगोलिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक रूप से देश की बाकी जगहों से अलग है इसलिए यहाँ आने का विचार बहुत पहले से ही मेरे मन में था। बस इंतजार था छुट्टियों का, जैसे ही डेली-डेली की रूटीन वर्क से फुर्सत मिली बस निकल पड़ा और जब सुबह-सुबह इस जगह पर पहुंचा तो यहां का मौसम बहुत ही खुशगवार था। सच कहूं तो यहां के लाजवाब मौसम का ही कमाल है कि पूरे साल सैलानियों का आना जाना लगा रहता है।

मैंने इस जगह के भूगोल को समझने की कोशिश में पाया कि तीन पहाड़ी धाराएं मुतिरापूझा, नल्लथन्नी और कुंडला जहां मिलती हैं, वहां मुन्नार का उदय होता है।

मुन्नार वर्तमान में दक्षिण भारत के सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाले पर्यटन स्थलों में आता है। इस जगह पर रहते हुए इरविकुलम राष्ट्रीय उद्यान, आनामुड़ी चोटी, माट्टूपेट्टी, पल्लिवासल, चिन्नक्कनाल और आनयिरंगल, टॉप स्टेशन, चाय का म्यूज़ियम जैसी जगहों को देखा और वहाँ घूमा जा सकता है।

मेरी मुन्नार घूमने की शुरूआत मुन्नार पहुंचने से पहले हो गई थी। कोचिन से जैसे ही निकला एक दोस्त ने बताया कि मुन्नार शहर कई साल पहले मुथुवन ट्राइबल समुदाय का घर था और 19 वीं शताब्दी से पहले तक इसे एक अज्ञात जगह के तौर पर जाना जाता था। जॉन मुनरो जो कि एक स्कॉटिश सैनिक थे और एक प्रशासक के रूप में त्रावणकोर और कोचीन राज्यों में अपनी सेवा दी थी उन्होंने ही मुन्नार शहर की स्थापना की।

यह उस समय की बात है जब त्रावणकोर और मद्रास के बीच की सीमा को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद को सुलझाने को लेकर इस जगह की उन्होंने यात्रा की। लेकिन यहां आने के बाद वह खुद को मुन्नार की सुंदरता से मंत्रमुग्ध होने से नहीं रोक सकें। मुनरो ने भूमि को अधिग्रहित करने और वृक्षारोपण शुरू करने के लिए लोगों को आश्वस्त किया और आखिरकार, उन्हें सफलतापूर्वक भूमि मिल गई।

फिर उन्होंने एक एग्रीकल्चर सोसाइटी का गठन किया। इस संगठन ने इस जगह पर जल्द ही इलायची, कॉफी, सिनकोना आदि फसलों की खेती में बड़ी सफलता हासिल की और यह जगह विश्व के नक़्शे पर आयी।

समुद्र तट से अच्छी ऊंचाई पर होने के कारण यह हिल स्टेशन काफी ठंडा रहता है। यही कारण है कि यह कभी दक्षिण भारत में ब्रिटिश सरकार के गर्मियों का विश्राम स्थल हुआ करता था। बताया जाता है कि गर्मियों के दौरान अंग्रेज अधिकारी अपनी छुट्टियाँ व्यतीत करने के लिये आया करते थे। इस जगह को समृद्ध और प्रसिद्ध बनाने में उनका भी काफी योगदान रहा और यह एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो गया।

इस जगह पर पहुंचने पर सबसे पहले बेतरतीब फैले हुए चाय के बागान, खूबसूरत तस्वीर से दिखते नगर, सनसन बहती हवा सी सड़कें अनायास ही मन को मोहने लगती हैं। इस जगह पर छुट्टी मनाने की विभिन्न सुविधाएँ मौजूद हैं जो सैलानियों को काफी रास आती और इस जगह को लोकप्रिय बनाती हैं।

मुन्नार का पूरा क्षेत्र हरे-भरे जंगलों से ढंका हुआ है जो कि देखने में बहुत ही अच्छा लगता है। यहाँ के जंगलों और घास के मैदानों में नीलाकुरिंजी नामक एक विशेष वनस्पति पायी जाती है। जिसे देखने की इच्छा मुन्नार आए हर सैलानी के दिल में रहती है। आपको बता दूं कि नीलाकुरिंजी एक नीले रंग का फूल है जोकि बारह वर्षों में सिर्फ एक बार खिलता है और अगली बार यह 2030 में खिलेगा। इस जगह पर दक्षिण भारत की सबसे ऊंची चोटी भी है जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती है।

मुन्नार ट्रेकिंग, हाइकिंग और कैम्पिंग के लिहाज से भी काफी अच्छी जगह मानी जाती है। देश भर से लोग इस जगह पर ट्रेकिंग करने आते हैं और कैम्पिंग का लुत्फ उठाते हैं।

हमने सबसे पहले अपने ठहरने के लिए ट्री हाउस रेंट किया और मुन्नार की आसपास की जगहों को एक्सप्लोर करने में लग गये। मुन्नार तो खूबसूरत है ही साथ ही साथ इसके आसपास घूमने की कई महत्वपूर्ण जगहें हैं जो यात्रियों को अपनी तरफ खिंचती जान पड़ती हैं।

हम सबसे पहले इरविकुलम राष्ट्रीय उद्यान गए जोकि मुन्नार का मुख्य आकर्षण है। दूसरे दिन ट्री हाउस से निकलते ही मेरे गाइड ने मुझे बताया कि अगर मुन्नार में रहते हुए आप बोटिंग का मजा लेना चाहते हैं तो माट्टूपेट्टी से बेहतर जगह शायद ही कोई हो सकती है। आपको बता दूँ कि माट्टूपेट्टी मुख्य रूप से दो ही चीजों के लिए जाना जाता है, पहला डैम और दूसरी सुंदर झील के लिए जिसमें आप बोटिंग कर सकते हैं और आसपास की पहाड़ियों और भूभाग के नजारे देख सकते हैं। बोटिंग में बहुत ज्यादा दिलचस्पी नहीं होते हुए भी इस जगह पर जाना मैंने तय किया और पाया कि यह जगह सचमुच काफी खूबसूरत है।

मुन्नार नगर के पास ही चिन्नक्कनाल और उसके जलप्रपात हैं जिन्हें पावर हाउस वाटरफॉल के नाम से जाना जाता है, इस जगह पर काफी लोग आते हैं। इसका पानी समुद्र तल से 2000 मीटर के ऊपर से चट्टानों पर गिरता है जोकि काफी मनभावन दिखाई देता है। मुझे यह जगह काफी अच्छी लगी और मैं देर तक गिरते पानी को निहारता रहा। इस जगह से पश्चिमी घाट की श्रेणियों का भी सुंदर नजारा दिखायी देता है।

हमने तय किया कि सबसे पहले टॉप स्टेशन जायेंगे और फिर वापसी में चाय संग्रहालय देखने। टॉप स्टेशन पहुँचकर हमने तकरीबन दो घंटे बिताया और फिर चाय संग्रहालय पहुंचे। चाय के बागानों की शुरूआत और विकास की बात होती है तो कहीं ना कहीं मुन्नार का नाम आ ही जाता है और आए भी क्यों नहीं यह जगह अपनी शुरूआती दौर से ही चाय उत्पादन के लिए जानी जाती है।

एक तरह से देखा जाए तो मुन्नार में चाय की अपनी एक विरासत है। इस विरासत के बारे में जानने के लिए मून्नार में टाटा टी द्वारा एक संग्रहालय खोला गया है। चाय के इस संग्रहालय में कई तरह की मशीनरी रखी गई है। इस संग्रहालय में रखी गई हर एक चीज मुन्नार के चाय बागानों और इसके विकास की कहानी कहती जान पड़ती है। मेरा सुझाव है कि आप को भी मुन्नार अवश्य जाना चाहिए। हमारा देश बहुत सुन्दर है यहां का हर एक प्राकृतिक दृश्य दर्शनीय है।

पक्षी ■ पुराण

सखुआ के जंगल और पक्षियों का संसार

राहुल सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, विश्व-भारती, शांति निकेतन

प्रकृति को जब आप करीब से देखना और महसूस करना शुरू करते हैं तो लगता है कि दुनिया के तमाम अद्भुत, असाधारण और विलक्षण जैसे विशेषण मानो प्रकृति के लिए ही बने हैं। प्रत्येक ऋतु में जंगल के भीतर जो बदलाव होते हैं। उसमें सूक्ष्म स्तर पर होनेवाले बदलावों को दरकिनार कर दें जो आँखों की बजाय मैक्रो फोटोग्राफी के विषय हैं तब भी केवल नंगी आँखों से भी जंगल के भीतर बदलते परिवेश को सहजता से लक्षित किया जा सकता है। सर्दियों के बाद और गर्मियों के पहले जंगल एक संक्रमण काल से गुजर रहा होता है। पतझड़ की शुरूआत से लेकर नयी कोंपलों के फूटने के बीच जंगल में इतना कुछ घटित हो रहा होता है कि एकबारगी यकीन कर पाना मुश्किल होता है। सूखे पत्तों के नीचे गिरने के बाद उसकी एक कई परतों वाली कालीन सी जंगल में बिछ जाती है। जिस पर चलना सुखद तो कतई नहीं होता है। आपके पदचापों की आवाज आपको ही डरा रही होती है। सुखे पत्तों पर एक गिरगिट भी दौड़ जाये तो सांप के होने का अहसास आपमें सिहरन पैदा कर देता है। इन सूखे पत्तों के नीचे मौजूद नमी और ताप की वजह से छोटे-छोटे कीटों का एक संसार उग आता है। इन कीटों को नियंत्रित करने के लिए कीटभक्षी पक्षियों की विविध प्रजातियाँ पतझड़ और नये कोंपलों के फूटने के दौरान जंगल का रुख करती हैं। सर्दी के प्रवासी बत्तख और हंसों की तुलना में इन ऋतुओं के प्रवासी पक्षियों की विशेषता यह होती है कि यह घोंसला भी बनाती हैं और प्रजनन भी करती हैं। इनके साथ इन जंगलों में साल भर दिखनेवाले पक्षी भी इन महीनों में जोड़ा बनाते हैं और अगली पीढ़ी को सामने लेकर आते हैं। इस मौसम में इतने किस्म के पक्षी जंगलों में आ जाते हैं और मादाओं को लुभाने के लिए आवाज लगाने लगते हैं कि जंगल में पक्षियों की अनेक किस्म की आवाजें एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करती जान पड़ती है। अंग्रेजी के महीने के हिसाब से बात करें तो मार्च के मध्य से अप्रैल की आखिर तक यह पक्षी जोड़ा बनाकर अगली पीढ़ी को सामने लाने का काम अबाध गति से जारी रखते हैं। इनमें कॉमन आयोरा, स्माल मिनीवेट रेड वेंटेड बुलबुल, कॉमन वुडश्राईक, लार्ज कुकूश्राईक, येला फुटेड ग्रीन पिजन, ड्रोंगो, जंगल बैबलर, ओरियोल, रूफस ट्रीपाई, ब्लैक नैप्ड मोनार्क, इंडियन रोबिन, इंडियन मैगपाई रोबिन, बे बैक्ड श्राईक, लांग टेल श्राईक आदि प्रमुख हैं। इन सबको आसानी से देखा जा सकता है। और यह सब अपनी भांति-भांति की आवाजों के लिए जाने जाते हैं। इस मौसम में जंगल में मानो इन पक्षियों का एक आर्केस्ट्रा-सा चलता रहता है। जंगल के संगीत को सुनने का यह सबसे अच्छा महीना होता है। इस बीच कोयल और कुकू की अलग-अलग नस्लें भी जंगलों का रुख करती हैं। लेकिन वह साथी ढूंढने के साथ ही एक और काम के लिए इस बीच जंगल में मौजूद रहते हैं। कोयल और कुकू पक्षियों की दुनिया में ब्रूड पैरासाईट के नाम से जाने जाते हैं। इनकी आवाज जितनी मोहक होती है, उनकी एक हरकत उतनी ही नागवार होती है। इसके लिए पक्षियों की दुनिया में यह खासे बदनाम है। यह करते इतना भर है चूंकि यह मौसम पक्षियों के प्रजनन का होता है तो यह ताक में रहते हैं दूसरे पक्षियों के घोंसलों में अपना अंडा रख कर और कई बार उनके अंडों को गिरा कर भी इस काम को अंजाम देते हैं। इसलिए इस मौसम में कोयल और कुकू लगातार जंगल में दूसरे पक्षियों के द्वारा खदेड़े जाते हुए आपको दिखेंगे। कॉमन आयोरा, पैराडाईज फ्लाईकैचर, ब्लैक नैप्ड मोनार्क, कॉमन वुड श्राईक, स्माल मिनीवेट अपने विलक्षण और

इंडियन पैराडाईज फ्लाईकैचर

संक्षिप्त घोंसलों के कारण इन ब्रूड पैरासाईट से बचे रहते हैं। इनके घोंसलों के निर्माण की प्रक्रिया को देखना प्रकृति में उपलब्ध नामालूम और नगण्य-सी लगनेवाली चीजों से इंजीनियरिंग का अद्भुत मॉडल बनते देखना है। मकड़े के जालों, फफूंद, रेशों के जुटाये टुकड़ों से जब इनका घोंसला तैयार होता है तो यकीन मानिये अगर आपने इन पक्षियों को उन पर जाकर बैठते नहीं देखा है, तो वह आपकी आँखों के सामने होकर भी ओझल ही रहते हैं। वैसे इस बात का पर्याप्त खयाल रखना चाहिए कि नेस्टिंग और ब्रीडिंग के इस मौसम में अगर किसी पेड़ पर उनकी गतिविधियाँ दिख रही हों तो उसे पास से देखने की फिराक में नजदीक नहीं जाना चाहिए। ऐसा करने से वे अपना घोंसला अधूरा छोड़कर अपेक्षाकृत ज्यादा निरापद जगह की तलाश में निकल लेते हैं। इसलिए बर्ड फोटोग्राफर्स नैतिक तौर पर नेस्टिंग की फोटोग्राफ किसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा नहीं करते हैं। ऐसी कोई हरकत ऐसे बर्ड फोटोग्राफर की छवि धूमिल करने के लिए पर्याप्त होती है। जंगल में हर महीने कुछ ना कुछ बदलता रहता है। तापमान, छवि, बारिशिंदे या ऋतुचक्र सब परिवर्तनशील रहते हैं। मार्च में जिन पक्षियों का जिक्र ऊपर किया है, उसकी तुलना में अप्रैल और मई में भी कुछेक सुंदर मेहमान सखुआ के जंगल का रुख करते हैं। जैसे अप्रैल के आस-पास ही इंडियन पैराडाईज फ्लाईकैचर और मई में इंडियन पिट्टा झारखंड के सखुआ के जंगलों का रुख करते हैं। इनमें इंडियन पिट्टा की आवाज ना केवल अत्यंत मधुर होती है, बल्कि पूरा जंगल उनकी आवाजों से गुंजायमान हो उठता है। जो बात इस मामले में सर्वाधिक अद्भुत जान पड़ती है, वह यह कि इन दो-तीन महीनों को छोड़ दें तो इनमें से कई पक्षियों का कोई अता-पता साल के अन्य महीनों में नहीं चलता है। हर साल बिना नागा मार्च, अप्रैल और मई में इनका बिना नागा उपस्थित हो जाना किसी चमत्कार की तरह लगता है। इसलिए भी जंगलों को बचाये रखने की बहुत जरुरत है। सखुआ के वृक्ष बहुत धीरे बढ़ते हैं। सखुआ के प्राकृतिक जंगल बहुत आसानी से कम समय में तैयार नहीं किये जा सकते हैं। पर इन पर पक्षियों की बहुत सी प्रजातियों का अस्तित्व निर्भर करता है। इन्हें बचाये रख कर ही पक्षियों की इस विविधता को बचाये रखा जा सकता है।

BRIEF NEWS

झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी : सीपी सिंह

RANCHI : रांची लोकसभा से भाजपा के उम्मीदवार संजय सेठ के पक्ष में सुखदेव नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को पदयात्रा चलाया गया। पदयात्रा में रांची के विधायक सीपी सिंह ने पिस्का मोड, जतरा मैदान, देवी मंडप, सुखदेव नगर के अखिल मेमोरियल गली और रातु रोड तक शामिल हुए। मौके पर सीपी सिंह ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। झामुमो, कांग्रेस की भ्रष्टाचार और लूट के विरोध में पूरी झारखंड की जनता मोदी के साथ है।इस दौरान कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार और रांची जीतेंगे पांच लाख के पार का नारा लग रहे थे। पदयात्रा में मुख्य रूप से संजय कुमार जायसवाल, महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ,मुकेश कुमार, नीरज कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव 19 मई को

RANCHI : रांची के हरमू रोड पर स्थित श्री श्याम मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव 19 मई को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 मई को रात साढ़े नौ बजे श्रृंगार पूजन से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसके बाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी सपत्नीक अखंड ज्योत प्रज्जवलित करेंगे। फिर भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात तक चलेगा। कोलकाता के अभिषेक शर्मा साथी कलाकारों के साथ भक्ति रस की धारा बहायेंगे। नारसरिया ने श्रद्धालुओं से बढ़-चढ़कर इस वार्षिकोत्सव में भाग लेने की अपील की है।

मतदान केंद्रों पर नशीले पदार्थों का उपयोग वर्जित, आदेश जारी

RANCHI : लोकसभा आम चुनाव 2024 के चौथे और छठे चरण में होनेवाले मतदान में रांची जिला के संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सभी बूथों पर तम्बाकू पदार्थ जैसे- सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा का उपयोग पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। इस संबंध में रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने आदेश जारी किया है। रांची में चौथे चरण के तहत 13 मई को खूंटी लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत 58-तमाड़ विधानसभा क्षेत्र व लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत 66-मांडर विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। जबकि छठे चरण के तहत 25 मई को रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत 61-सिल्ली, 62- खिजरी, 63- रांची, 64- हटिया और 65-कांके विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जाएंगे। उक्त सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला का उपयोग पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। बता दें कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग ने सभी मतदान केन्द्र को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित किया है। साथ ही सभी मतदान केन्द्र परिसर में किसी प्रकार के तम्बाकू पदार्थ के उपयोग को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया है।

अमित शाह जान लें, यह गुजरात नहीं, झारखंड है, यहां कोई धमकी नहीं दे सकता : सुप्रियो भट्टाचार्य

गृह मंत्री झारखंड में ही रहें, ताकि सभी सीटें 'इंडिया' गठबंधन को मिलें

PHOTON NEWS RANCHI : झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि अमित शाह हमारे लिए वरदान हैं। वह जहां-जहां आयेंगे, वहां 2 से 4 हजार लोग जुटेंगे। कल से 30 मई तक अमित शाह झारखंड में ही रहें। ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि 14 सीट इंडिया गठबंधन को मिले। वे शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अमित शाह की जो भाषा है, वो बड़ी अजीब किस्म की है। उन्होंने कहा कि उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे। यह गुजरात नहीं झारखंड है। यहां कोई धमकी नहीं दे सकता। जनता जवाब देगी। यहां बीजेपी को उल्टा कर सीधा कर दिया जायेगा। 13 मई को ही जवाब मिल जायेगा।

मीडिया को संबोधित करते सुप्रियो भट्टाचार्य। ● फोटोन न्यूज

पहले चरण की चारों सीटों पर बीजेपी के साथ है संघर्ष : सुप्रियो ने कहा कि पहले चरण की चारों सीटों में सीधा चुनावी संघर्ष बीजेपी के साथ है। संयोग से ये चारों सीटें आरक्षित सीटें है। ये चारों सीटें स्पष्ट रूप से इंडिया के पक्ष में आयेंगी। बीजेपी का सफाया होगा। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं कि क्योंकि कल गृहमंत्री अमित शाह ने खूंटी में जनसभा को संबोधित किया। वहां ढोये गये 5 हजार लोग ही थे। झारखंड के लोग सीधे हैं। ये बिरसा की भूमि है। उन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। ये गुजरात नहीं है। खदेड़ दिए जायेंगे।

हिम्मत है तो कश्मीर में विधानसभा का चुनाव करा कर दिखाएं : सुप्रियो ने कहा कि यदि 2024 में हिम्मत तो कश्मीर में विधानसभा का चुनाव करा कर दिखाएं। हर चीज में केवल गीदड़ भभकी देते हैं। भाषा संयमित रखना होगा। शुक्र मनाइये कि वहां कोई आदिवासी नहीं था। मुद्दों पर लड़िए। मुद्दों पर बीजेपी बात करती नहीं है। अर्धसैनिक बल के मंत्री बन गये हैं तो सोच लिया कि धमका कर चले जायेंगे। क्यों श्रीनगर नहीं जाते। अमित शाह जवाब दें। केवल और केवल भयादोहन किया जा रहा है। वित्त मंत्री यहां आती हैं। लैंड स्कैम के आरोपी से मिलती हैं। पेपर का आदान-प्रदान होता है। चुनाव आयोग इस पर संज्ञान लें।

झामुमो ने एक और बागी नेता पर की कार्रवाई पूर्व विधायक जेपी वर्मा को पार्टी से किया निलंबित

RANCHI : झामुमो ने बसंत लौंगा और चमरा लिंडा पर कार्रवाई करने के बाद अब गांडेय के पूर्व विधायक जेपी वर्मा पर कार्रवाई की है। पार्टी ने उन्हें निलंबित कर दिया है। गौरतलब है कि जेपी वर्मा ने टिकट नहीं मिलने पर कोडरमा से पर्चा दाखिल किया है। कोडरमा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विधायक विनोद सिंह चुनावी मैदान में हैं

झामुमो ने जारी की अधिसूचना : झामुमो ने जेपी वर्मा के ऊपर की गयी कार्रवाई को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। जिसमें उन पर कोडरमा लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर गठबंधन धर्म के विपरीत काम करने की बात कही गयी है। ये कार्रवाई पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन के निदेशानुसार हुई है। इसके अलावा झामुमो ने उन्हें पार्टी के सभी पदों से भी मुक्त कर दिया है। बता दें कि जय प्रकाश वर्मा ने साल 2022 में अपने तमाम कार्यकताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में झामुमो की सदस्यता ली थी। इससे पहले वह भाजपा की टिकट पर गांडेय से विधायक बने थे।

बसंत लौंगा और चमरा लिंडा पर हो चुकी है कार्रवाई : बता दें कि इससे पहले झामुमो ने कोलेबिरा के पूर्व विधायक बसंत लौंगा और बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चमरा लिंडा पर कार्रवाई कर चुका है। एक ओर बसंत लौंगा को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्काषित कर दिया है। तो वहीं दूसरी तरफ बिशुनपुर के वर्तमान विधायक चमरा लिंडा को पार्टी ने निलंबित कर दिया है। बसंत लौंगा बागी होकर खूंटी लोकसभा सीट से ताल ठोक रहे हैं तो चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

झामुमो के कई नेता हो चुके हैं बागी : बता दें कि झामुमो के कई नेता पार्टी से नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। हाल ही में राजमहल सीट से लोबिन हेंब्रम ने नामांकन दाखिल किया है। जबकि खूंटी सीट से बसंत लौंगा, लोहरदगा से चमरा लिंडा मैदान में हैं।

झारखंड पुलिस को खटारा पेट्रोलिंग गाड़ियों से मिलेगा छुटकारा, मिलेंगे 470 नए वाहन

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड पुलिस को खटारा पेट्रोलिंग गाड़ियों से छूटकारा मिलेगा। सालों से खटारा वाहनों पेट्रोलिंग कर रही झारखंड पुलिस को जल्द 470 बोलेरो वाहन मिलेंगे। इसको लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के पास प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद वाहनों की खरीदारी की प्रकिया शुरू कर दी जायेगी। बता दें कि झारखंड पुलिस ने इससे पहले 70 बोलेरो वाहन खरीदे थे, जिसे राज्य के अलग-अलग थानों को आवंटित किया गया था।

आधुनिकीकरण मद की राशि से वाहनों की होगी खरीदारी : झारखंड पुलिस आधुनिकीकरण मद की राशि से इन वाहनों की खरीदारी करेगी। इसके लिए सरकार के पास पर्याप्त फंड है। झारखंड सरकार ने पिछले दिनों यह घोषणा भी की थी कि पुलिस के संसाधन में रुपयों की कमी बाधक नहीं बनेगी। सरकार के पास पर्याप्त फंड है। जिससे पुलिस के संसाधनों को मजबूत बनाया जायेगा। बता दें कि झारखंड में कुल 606 थाना है, जिनमें 282 थाना नक्सल प्रभावित हैं। 282 थानों में से 155 ए ग्रेड नक्सल प्रभावित और 127 बी ग्रेड श्रेणी में आते हैं।

47 थानों के पुलिसकर्मियों के पास आज भी एक गाड़ी तक नहीं: कानून व्यवस्था को दुरूस्त रखना पुलिस की जिम्मेवारी होती है। कहीं कोई घटना हो जाये तो पुलिस पर घटनास्थल पर जल्द से जल्द पहुंचने का दवाब भी होता है। यही वजह है कि राज्य सरकार पुलिस थानों को आधुनिक बनाने के प्रयास में लगी है। लेकिन जानकर हैरानी होगी कि झारखंड में 564 थानों में 47 थाने आज भी ऐसे हैं, जहां पुलिसकर्मियों के पास एक गाड़ी तक नहीं है। इन थानों का काम राम भरोसे चल रहा है। बिना टेलीफोन वाले थाने भी सबसे ज्यादा झारखंड में ही हैं। यहां 211 पुलिस थानों में फोन नहीं है। वहीं 31 थानों में मोबाइल फोन या वायरलेस की सुविधा मौजूद नहीं

पासवा के नवनिर्वाचित महासचिव और अध्यक्ष को 'जमसा' ने किया सम्मानित

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्था प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) की एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष मो उस्मान और महासचिव मसूद कच्छी को झारखंड मुस्लिम मैनोरेटी स्कूल एसोसिएशन (जमसा) ने संत जीएम स्कूल हिंदपीढ़ी रांची में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन कर सम्मानित किया।

महासचिव व अध्यक्ष को सम्मानित करते जमसा के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

सम्मान समारोह का शुभारंभ जमसा के महासचिव मो उस्मान ने जमसा के कार्य को सामने रखा। जमसा द्वारा पासवा के झारखंड अध्यक्ष मो उस्मान, महासचिव मसूद कच्छी जी को मोमेंटो, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्यातिथि पासवा के राज्य अध्यक्ष मो उस्मान ने समाज उत्थान, छात्रों को शिक्षा में अग्रसर बनाने के रास्ते, पढ़ाने तथा उच्च पदों पर पहुंचाने के लिए संघर्ष और सहयोग देने के लिए आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि पासवा के महासचिव मसूद कच्छी ने अपने संबोधन में कहा कि समाज विकास के तीन सूत्र बताते हुए कहा कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। शिक्षा रूपी रोशनी ही जीवन के अंधकार को दूर कर सकती है। कच्छी ने कहा की हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष शामायल अहमद ने जो जिम्मेदारी मुझे दी है, हम उस पर खरा उतरने का काम करूंगा।

पासवा के प्रदेश सचिव तौफीक हुसैन कोडरमा ने कहा की हम सब को मिलकर काम करना है। संगठन में एक दूसरे को साथ लेकर विद्यालय से जुड़ी समस्या और उन विद्यालय में आध्या नृत्य विद्यार्थियों के लिए कल्याण का कार्य करना है।

नहीं होने दूंगी युवाओं का भविष्य बर्बाद, अग्निपथ योजना को कराऊंगी निरस्त : यशस्विनी सहाय

PHOTON NEWS RANCHI : रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय, ने एनएसयूआई के छात्र पंचायत में कहा कि बीजेपी सरकार की ओर से चलाई जा रही अग्निपथ योजना को निरस्त किया जाएगा। इससे युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। छात्र पंचायत का आयोजन एनएसयूआई नेत्री आरुषी वंदना के नेतृत्व में नामकुम में किया गया था। सहाय ने कहा कि संवाद से ही समाधान निकलता है। छात्र पंचायत के माध्यम से छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर रही हूं। जिससे उनकी समस्याओं को समझ कर समाधान निकाला जा सके। कहा, मोदी सरकार में पूरे देश के छात्र और नौजवान सबसे अधिक परेशान हैं। देश में बेरोजगारी चरम पर है, लेकिन मोदी सरकार के पास अपने उद्योगपति मित्रों को खुश करने के अलावा कोई दूसरी योजना नहीं है। सहाय ने पंचों को न्याय के बारे में समझाया। बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ऋषिकेश सिंह ने कहा कि केंद्र में सरकार आते ही अग्निपथ योजना को निरस्त करने के साथ सभी खाली पड़े पदों को भरने का काम करेंगे। युवाओं के लिए 30 लाख पदों को भरने का काम करेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित यशस्विनी सहाय व अन्य। ● फोटोन न्यूज

निगम की अधूरी सफाई से शहर में होता है जल जमाव, गंदे पानी से बढ़ती है परेशानी

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी में गुरुवार को हुई हल्की बारिश से शहर की मुख्य सड़कों समेत निचले इलाकों में पानी लबालब भर गया। इससे लोगों का आना जाना मुहाल हो गया। लोगों ने कहा कि अभी तो बरसात का मौसम आया भी नहीं है और हल्की बारिश में ही शहर की ऐसी दशा हो गई। यदि शहर के तमाम छोटे-बड़े नालों की अच्छी सफाई नहीं हुई तो बरसात की बारिश शहर के लिये किसी आफत से कम नहीं होगी।

सड़कों पर भरा गंदा पानी। ● फोटोन न्यूज

मालूम हो कि शहर के कई हिस्सों में अंडर ग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम बनाया गया है जो पूरी तरह से बंद है। उसकी सफाई नगर निगम की ओर से लंबे समय से नहीं करायी गई है। इस कारण इन नालों में कचरे अटे पड़े हैं, जिससे हल्की बारिश में भी सड़कों पर गंदा पानी बहने लगता है। वहीं निचले इलाकों में नाली का गंदा पानी भर जाता है।

रांची रेलवे स्टेशन रोड में नाले में पानी लबालब भरा है। सामने में ही कई बड़े होटल हैं, इस रास्ते से हर पल लोगों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन नाले की सफाई नहीं होने की वजह से गंदगी अटी पड़ी है। जब ऐसे मुख्य इलाके की यह दशा है, तो शहर के गली मुहल्लों की क्या दशा होगी, यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया गया मिलन समारोह का आयोजन, बड़ी संख्या में लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

झारखंड का समुचित विकास भाजपा ही करेगी : मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू की मौजूदगी में शिवलाल महतो भाजपा में शामिल हुए। उनके साथ बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। साहू ने सभी को ऑनलाइन सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र ने मोदी पिछले 10 वर्षों में गरीबों के लिए काम किया है। किसानों के लिए काम किया है।

कार्यक्रम में उपस्थित बाबूलाल मरांडी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

मां-बहनों के लिए काम किया है। गांव के लिए काम किया। आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने इतना काम नहीं किया। गरीबों को चार करोड़ घर देने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि फिर से सत्ता में आने पर बेघर गरीबों को घर दिया जाएगा। गरीबों को घर ही नहीं गैस कनेक्शन-चूल्हा भी देने का काम किया है। गरीब भूखे नहीं सोए, इसकी चिंता भी मोदी ने की। हर महीने गरीबों को मुक्त अनाज दिया जा रहा है।

मरांडी ने कहा कि कोई गरीब यदि बीमार हो जाए तो अपना इलाज अच्छे अस्पताल में करा सके, इसके लिए प्रधानमंत्री ने उनका पांच लाख रुपये का बीमा किया लेकिन इंडी गठबंधन के लोग विकास और झारखंड के विरोधी हैं। झारखंडियों के विरोधी हैं। झारखंड अलग राज्य का आंदोलन देश की आजादी के समय से चल रहा था लेकिन कांग्रेस ने झारखंड अलग राज्य नहीं दिया। झारखंडियों की भावना और सम्मान का ख्याल नहीं रखा। केंद्र में सरकार बनते ही अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड अलग राज्य का गठन किया। अलग राज्य भाजपा की देन है। झारखंड का विकास भी भारतीय जनता पार्टी ही करेगी।

मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग राज्य को लूट रहे हैं। कांग्रेस के एक सांसद के यहां से 350 सौ करोड रुपये मिले थे। भ्रष्ट अधिकारी और उनके सिंडिकेट से 22 करोड़ रुपये मिले थे। अभी मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के घर से 35 करोड़ रुपये मिले हैं। ये पैसे लूट के हैं। इन लोगों ने नदी के बालू को नहीं छोड़ा। पहाड़ को काटकर बेच दिया। जमीन के फर्जी कागजात बनाकर उसे बेच दिया।

मरांडी ने कहा कि शिवलाल महतो कई सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने झारखंड आंदोलन को भी गति देने का काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर वह भाजपा के सदस्य ग्रहण कर रहे हैं। पार्टी उन्हें जो भी काम देगी, उसका इमानदारी से निर्वहन करेंगे। झारखंड में एनडीए को 14 में से सभी 14 सीट दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे।

सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज में दो दिवसीय कांफ्रेंस शुरू

ज्ञानवर्धन के साथ नए कौशल ग्रहण करें युवा : सुदेश महतो

PHOTON NEWS RANCHI : आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पढ़ाई के प्रति समर्पित होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए परिश्रम ही एक मात्र विकल्प है। युवा अपने विचारों व ज्ञान के साथ नए कौशल ग्रहण करें। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचाइयों पर ले जाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं।

सुदेश महतो ने यह बात सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज में रीसेंट ट्रेंड्स इन कम्प्यूटेशनल एंड मैथमेटिकल एनालिसिस इन इंजीनियरिंग एंड साइंस विषय पर शनिवार को आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा मिले इसी सोच और संकल्प के साथ हमने सिल्ली पॉलीटेक्निक कॉलेज की शुरूआत की थी। आज इस संस्थान से पढ़ाई पूरी कर चुके कई छात्र-छात्राएं देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह हम सभी के लिए गौरव का विषय है।

दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते सुदेश महतो व अन्य। ● फोटोन न्यूज

सुदेश महतो ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस नए विचारों व अनुसंधानों को साझा करने और शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तथ्यों एवं नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए आप सभी के लिए एक सशक्त मंच बनेगा। इस कार्यक्रम में मिला बहुमूल्य ज्ञान पढ़ाई के बाद जब हम किसी संस्थान के साथ जुड़कर कार्य करेंगे तभी उपयोगी साबित होगा।

शहरनामा

वीरेंद्र ओझा

साभार इंटरनेट मीडिया

ललचा रहे उम्मीदवार

हर मौसम की तरह पांच वर्ष में चुनाव का मौसम भी आता है, जिसका इंतजार सभी को रहता है। उम्मीदवार भले ही टेंशन में रहे, लेकिन मतदाता उन्हें ललचाई नजरों से ही देखता है। इस बार भी निर्दलीय उम्मीदवारों को ऐसे-ऐसे चुनाव चिह्न मिले हैं कि मतदाताओं की जीभ अभी से लपलपाने लगी है। वह सोच रहे हैं कि जब ऐसे उम्मीदवार उनके पास वोट मांगने आएंगे, तो जरूर उपहार के तौर पर सेब या टोकरी से एकाध फल देंगे। वे उसे भी देखना चाहते हैं, जो भीषण गर्मी में कोट पहना कर जाएगा।

कल होगी फूल-फूल की टक्कर

शेरों की धरती पर सोमवार को उम्मीदवारों के भाग्य मतपेटी में कैद हो जाएंगे। इस बार यहां फूल-फूल की टक्कर है। आप अभी भी नहीं समझे, तो बता दें कि एक को फूल वाले दल ने तीन साल की कोड़ाई-खोदाई के बाद उगाने में सफलता पाई है, जबकि तीर-कमान वालों के पास पहले से ऐसा प्रत्याशी था, जिसका नाम ही लाल फूल की ओर इशारा करता है। मजे की बात है कि दोनों ही फूल देवी को अर्पित किए जाते हैं। मतदाताओं को पसंद करना है कि कौन सा फूल उन्हें पांच साल तक शोभा बढ़ाएगा, कौन एक झोंके में मुरझा जाएगा।

समाज ही हो गया दो-फाड़

राजनीतिक माहौल में दलों का मतभेद तो सुना था, लेकिन समाज भी दो फाड़ हो जाएंगे, सोचा नहीं था। अपनी लौहनगरी में ऐसा ही कुछ हुआ है। दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के चक्कर में ऐसी घटना हुई है। बेचारे एक उम्मीदवार गए थे, वाहेगुरु से आशीर्वाद लेने, लेकिन वहां उनकी आवभगत इतनी ज्यादा हो गई कि दूसरा संगत नाराज हो गया। गुरुजी वाली कहानी की तर्ज पर इन्होंने दूसरे उम्मीदवार को खुलेआम समर्थन देने की घोषणा कर दी है। अब समाज के बाकी लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि यह क्या हो रहा है।

तोड़फोड़ से दहल रहा उनका दिल

इन दिनों अदालती आदेश के बाद शहर में ताबड़तोड़ छेनी-हथौड़ी चल रही है। इससे जिनकी इमारत बदसूरत हो रही है, उनसे ज्यादा उनका दिल दहल रहा है, जिन्होंने इसके बदले जेब मोटी की थी। थैले-बोरे में माल जमा किया था। वे भले ही अभी उन पदों पर विराजमान नहीं हैं, लेकिन हैं इसी राज्य में चक्कर काट रहे हैं। वे जब-जब अदालत की डांट-फटकार पढ़ते-सुनते हैं, उनकी नींद उड़ जाती है। सोच रहे हैं कि पता नहीं कब उन्हें सोते हुए अदालत उठवा ले और घर-मकान की कुर्की करा दे। खबर है कि अब वे अपनी ड्यूटी छोड़ अदालत की ओर कान लगाए रहते हैं।

सीएम नवीन पटनायक के विकास के रथ को आगे बढ़ाने के लिए बीजद को वोट दें: पांडियन

बीजद नेता पहुंचे राउरकेला, किया रोड शो, शारदा व तिर्की के लिए मांगे वोट

PHOTON NEWS ROURKELA: बीजद नेता वी कार्तिकेयन पांडियन राउरकेला पहुंचे। मुख्य मार्ग में रोड शो किया, जिसमें हजारों की संख्या में बीजद कार्यकर्ता शामिल हुए। आगे-आगे पांडियन तो उनके पीछे सुंदरगढ़ संसदीय सीट के उम्मीदवार पद्मश्री दिलीप तिर्की और राउरकेला विधानसभा सीट से उम्मीदवार शारदा प्रसाद नायक थे।

बीजद के रथ में सवार पांडियन ने शहरवासियों का हाथ जोड़कर और जय जगन्नाथ के उदघोष के साथ अभिवान किया। पांडियन ने कहा कि ओडिशा को विकास के शिखर पर पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक दिन-रात काम कर रहे हैं। उनकी योजनाओं का लाभ आप सभी को मिल रहा है, अगर मिल रहा है तो हाथ उठाइये..... यह कहकर लोगों से पांडियन ने सीधे संवाद स्थापित किया। इसके बाद कहा कि आपलोग इधर-उधर मत देखिए, केवल नवीन पटनायक और शंख चिह्न को देखकर वोट दीजिए। ओडिशा का विकास होगा और आपलोगों का भविष्य उज्जवल होगा।

पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी लेते पांडियन ● फोटोन न्यूज

शारदा व तिर्की के लिए मांगे वोट

पांडियन ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि शारदा नायक और दिलीप तिर्की को वोट देकर विजयी बनाएं। आपके लिए हमेशा काम करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। मुख्यमंत्री राउरकेला के लिए विशेष ध्यान रखते हैं। शारदा नायक और दिलीप तिर्की जीतते हैं तो और तेज रफ्तार से विकास होगा।

राउरकेला को वैश्विक मानचित्र पर लाने के लिए मुख्यमंत्री ने ठोस प्रयास किए है। हॉकी विश्वकप का आयोजन कर शहर का कायाकल्प किया गया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक कार्य किए गए। गरीबों को इलाज मिले इसके लिए हेल्थ कार्ड जारी किया गया। महिलाओं को सशक्त करने के लिए मुख्यमंत्री अनेकों योजनाएं चला रहे हैं। साथ ही कोशिश है कि सभी लाभ महिलाओं तक सीधे पहुंचे।

पानपोष तक रोड शो

पांडियन का रोड शो बिसरा चौक से शुरू हुआ। जहां डीजे के साथ समर्थक नाचते-गाते और बाजा बजाते हुए निकले। नवीन पटनायक जिंदाबाद, बीजद जिंदाबाद के नारे के साथ रोड शो निकला तथा मुख्य मार्ग से होते हुए आगे निकले। इस दौरान सड़क के दोनों ओर लोगों की भीड़ जुटी थी जो पांडियन का अभिवादन कर रहे थे। उदितनगर पहुंचने के बाद यहां से रोड शो बसंती कॉलोनी, फिर लेबर टूर्नामेंट और अंत में पानपोष पहुंचा। भारी भीड़ रही।

जमशेदपुर लोकसभा चुनाव के लिए हुआ ईवीएम का सेकेंड रेंडमाइजेशन

अधिकारियों संग बैठक करते प्रेक्षक ● पीआरडी

PHOTON NEWS JSR: लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडू, जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल तथा प्रत्याशियों व इलेक्शन एजेंट की उपस्थिति में मतदान केंद्रवार ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। समाहरणालय सभागार में शनिवार को विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रवार रेंडमाईजेशन की सूची तैयार की गई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने बताया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीनों का बूथवार चिह्नितीकरण कर लिया गया है। रेंडमाईजेशन के दौरान प्रत्याशियों व इलेक्शन एजेंट द्वारा किसी भी पोलिग बूथ का नंबर बताकर प्रक्रिया की पारदर्शिता प्रमाणित करने के लिए री-रेंडमाईजेशन किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. अर्चना द्विवेदी, रिटर्निंग आफिसर, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार शर्मा मौजूद रहे।

सिंहभूम लोस क्षेत्र का मतदान कल आज डिस्पैच की जाएंगी ईवीएम

भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न कराने का दिया गया निर्देश

PHOTON NEWS SARAIKELA: लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के चौथे चरण में सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत 10-सिंहभूम तथा 11-खूंटी लोकसभा संसदीय क्षेत्र में 13 मई को मतदान होना है।

इसे लेकर उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न कोषांग के वरीय पदाधिकारी, सभी एआरओ तथा एइआरओ के साथ बैठक की। उन्होंने दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आप सभी अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता देने जा रहे हैं। निर्वाचन का कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिंदुवार चर्चा करते हुए आवश्यकता अनुसार एफएसटी की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए, बैठक में उपायुक्त ने एक्सपेंडिचर को लेकर सभी बैंक के मेजर ट्रांजैक्शंस तथा शराब दुकान की थोक बिक्री पर नजर रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने मौसम को देखते हुए डिस्पैच सेंटर पर पावर बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित करने, पर्याप्त मात्रा में लाइट, बल्ब, पंखा तथा चार्जिंग प्वाइंट्स जैसे महत्वपूर्ण सुविधाए सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही पोलिंग पार्टी तथा पुलिस पार्टी के सुविधा की दृष्टिकोण से एवं तथा सामग्री डिस्पैच सेंटर्स पर पर्याप्त मात्रा में आवश्यक साइनेस बोर्ड लगाने, डिस्पैच सेंटर पर हेल्प डेस्क, मेडिकल टीम तथा हैंड्स ऑन प्रिंटिंग की सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी वाहनों पर पोलिंग पार्टी, मतदान केंद्र संख्या, वाहन तथा ड्राइवर का संपर्क नंबर इंगित करने के निर्देश दिए।

दीपोत्सव से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

जमशेदपुर : लोकसभा चुनाव को लेकर बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में दीपोत्सव के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान मिट्टी के दीयों से # वोट तो देंगे ही, 25 मई 2024 की आकृति बनाई गई। इसके साथ ही स्काई लालटेन आकाश में उड़ाकर जिले के मतदाताओं से 25 मई को मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान स्वीप कोषांग के पदाधिकारी, कर्मियों ने उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई एवं मताधिकार का प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

बिष्टुपुर गोपाल मैदान में मिट्टी के दीये जलाकर दिया जागरूकता संदेश

BRIEF NEWS

सेल ने जीता प्रबंधन व्यवसाय प्रश्नोत्तरी अवार्ड

ROURKELA : राउरकेला इस्पात संयंत्र की टीम में सहायक महा प्रबंधक (रिफ्रैक्टरीज), संपद मिश्र और सहायक प्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) अभिषेक कुमार मिश्र शामिल हैं, जिन्होंने सेल स्तर के प्रबंधन व्यवसाय प्रश्नोत्तरी-2023 'सक्षम' में प्रथम रनर अप पुरस्कार जीतकर संयंत्र का नाम रोशन किया है। यह कार्यक्रम 3 मई 2024 को आईआईएससीओ. स्टील प्लांट, बर्नपुर में आयोजित किया गया था। वहां निदेशक बीपी सिंह ने समारोह में पुरस्कार प्रदान किया। भिलाई की टीम सक्षम 2023 क्विज का विजेता रहा और बोकारो स्टील प्लांट की टीम द्वितीय रनर अप रही। इस आयोजन में सेल की सभी सहयोगी इकाइयों से कुल 12 टीमों ने भाग लिया। महाप्रबंधक (कार्मिक), सब्यसाची दत्त ने कार्यक्रम का संचालन किया। गौरतलब है कि, यह जोड़ी पहले भी बिजनेस क्विजिंग के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार और प्रशंसा जीतकर इस्पात शहर का नाम रोशन कर चुकी है।

राउरकेला जा रहे व्यापारी से 5.30 लाख बरामद

BANDAMUNDA : बंडामुंडा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति से बंडामुंडा पुलिस थाना के पास से पांच लाख 30 हजार रुपये की नकदी जब्त किया है, जिसे सरकारी खजाने में जमा कर दिया है। जानकारी के अनुसार बंडामुंडा पुलिस के थाना प्रभारी अशोक कुमार दास को सूचना मिली थी कि एक बड़ी रकम बंडामुंडा के मुख्य रास्ते से राउरकेला लायी जा रही है। बंडामुंडा पुलिस द्वारा थाने के सामने एक जांच अभियान चलाया गया। इसमें बिसरा से राउरकेला जा रहे बिसरा निवासी मनोज अग्रवाल को रोक कर जांच किया गया तो उसकी स्कूटी की डिक्की से 5.30 लाख बरामद किया गया। इस रुपये को बंडामुंडा पुलिस ने स्टेटिक सर्विलांस टीम (फ्लाइंग स्क्वायड) पुलिस को सौंप दिया है। वहीं दूसरी ओर स्कूटी में सवार एक व्यक्ति ने स्वयं को किराना दुकान का मालिक बताया। बिसरा क्षेत्र में उनका किराना दुकान है तथा यह रकम किराना दुकान में लाए हुए सामान का है। राउरकेला की थोक दुकान से लाये गए सामान के एवज में व्यापारी को रुपए देने जा रहा था।

मंदिरों में रथ निर्माण के लिए हुई काष्ठ पूजा

ROURKELA : राउरकेला के सेक्टर-3 अहिराबंध जगन्नाथ मंदिर समेत शहर के अलग-अलग स्थानों पर स्थित जगन्नाथ मंदिरों में अक्षय तृतीया पर महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा के लिए रथ निर्माण के लिये काष्ठ पूजा हुई। पूजा में मंदिर के पुजारी समेत मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों समेत भक्त शामिल रहे। इस अवसर पर मंदिर के पास स्थित रथशाला में काष्ठ पूजा की गई तथा रथों का निर्माण कार्य शुरू किया गया। इससे पहले विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। भगवान बलराम के तालध्वज, जगन्नाथ के नंदीघोष एवं मां सुभद्रा व सुदर्शन के दर्प दलन रथ की लकड़ी की पूजा की गयी। श्री श्री जगन्नाथ व वैद्यनाथ महाप्रभु मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरिजा शंकर द्विवेदी समेत अन्य पदाधिकारी, सेवायत व भक्त शामिल रहे। इसके साथ ही कोयलनगर, बसंती कालोनी, पंच मंदिर, हनुमान वाटिका, प्लांट साइट, पानपोष, टिंबर कालोनी, छेंड कालोनी, झीरपानी, नया बाजार समेत सभी जगन्नाथ मंदिरों में काष्ठ पूजा कर रथ निर्माण का काम शुरू किया गया। ओडिशा में इस पूजन के साथ ही रथ यात्रा महापर्व की औपचारिक शुरुआत हो जाती है।

बिष्टुपुर से युवक का अपहरण, नग्न कर पीटा

शिकायत लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंचा पीड़ित परिवार ● फोटोन न्यूज

- वीडियो भी बनाया, थाना में मामला दर्ज, एसएसपी से शिकायत

PHOTON NEWS JSR: बिष्टुपुर थाना अंतर्गत जी. टाउन के पास से साकची डालडा लाइन निवासी कृष्णा नरेडी नामक युवक का अपहरण करके उसे नग्न करके पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना गत 26 अप्रैल के शाम की है। इस संबंध में, बिष्टुपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इधर घटना के बाद, आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर शनिवार को पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने परिजनों के साथ एसएसपी किशोर कौशल से शिकायत की। एसएसपी ने सीसीआर डीएसपी को कार्रवाई का निर्देश दिया है।

यह है मामला

शिकायतकर्ता कृष्णा नरेडी के मुताबिक, वह घटना के दिन अपने दोस्त आदित्य खंडेलवाल और मयंक अग्रवाल के साथ नाश्ता करने गया था। तभी कुछ लड़के जिसमें प्रियांश मिश्रा और अंकित 10-12 युवकों के साथ आए और जबरन अपहरण कर स्कूटी से जुगसलाई ले गए। वहां नग्न करके मारपीट की और वीडियो भी बनाया। धमकी दी गई कि अगर रिपोर्ट लिखवाई तो वीडियो वायरल कर देंगे। तभी वह वहां से किसी तरह जान बचाकर भागा। इस दौरान सफेद रंग की कार से उन्होंने पीछा भी किया। तभी उसने घरवालों को घटना की जानकारी दी।

ग्रेजुएट कॉलेज में हुआ एनसीसी का मासिक सम्मेलन

JAMSHEDPUR : साकची स्थित ग्रेजुएट कॉलेज में शनिवार को एनसीसी के एएनओ व केयरटेकर को प्रशिक्षण दिया गया। 37 झारखंड बटालियन एनसीसी जमशेदपुर की ओर से हुए मासिक सम्मेलन सह प्रशिक्षण शिविर में बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विनय आहूजा ने 37 एनसीसी बटालियन के अंतर्गत 41 विद्यालय एवं महाविद्यालय के एएनओ व केयर टेकर पदाधिकारियों से उनकी समस्या सुनी।

बागबेड़ा में हुआ विहंगम योग विश्वशांति वैदिक महायज्ञ

पूजा संपन्न करवाते पुरोहित ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: बागबेड़ा के बड़ौदा घाट स्थित निर्मलगोपाल प्रांगण में विहंगम योग विश्वशांति वैदिक महायज्ञ हुआ। 'अ' अंकित श्वेत ध्वजारोहण उपरांत महायज्ञ पुरोहित महावीर विद्यार्थी द्वारा कराया गया। यज्ञ में यजमान गोपालजी मिश्रा एवं निर्मला मिश्रा के साथ विहंगम योग युवा संत समाज के कोल्हान प्रमुख नीरज मिश्रा, उपदेष्टा कुसुम मिश्रा, अहर्निश मिश्रा, सुनहला सिंह, आरती शुक्ला, नेहा अग्रहरि, जयप्रकाश प्रसाद के संग अन्य उपस्थित सदस्यों नें आहुति प्रदान की।

सीआईआई ने साइबर सिक्योरिटी पर कराई कार्यशाला, धोखाधड़ी से बचने के बताए उपाय

बोले एक्सपर्ट, ज्यादातर पढ़े-लिखे ही होते साइबर फ्रॉड के शिकार

ADITI PANDEY@JSR

सीआईआई (कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री) द्वारा शनिवार को साइबर सिक्यूरिटी पर कार्यशाला हुई, जिसमें विशेषज्ञों ने इस अपराध के बारे में विस्तार से बताया।

बिष्टुपुर स्थित रूसी मोदी सेंटर फॉर एक्सीलेंस में इस कार्यशाला को मृणाल के. पाल (चीफ, आईटी इंफ्रा, नेटवर्क एंड साइबर सिक्योरिटी, टाटा स्टील) व भार्गव देव चक्रवर्ती (नेटवर्क एंड आईटी सिक्यूरिटी कंसल्टेंट, स्काईलिंक कम्यूनिकेशंस) ने मुख्य रूप से संबोधित किया।

इन्होंने बताया कि आजकल इंटरनेट से जुड़े जुर्म, जिसे हम साइबर क्राइम कहते हैं, काफी बढ़ चुका है। साइबर क्राइम एक बड़ा जुर्म है, जो इंडिया में बड़ी संख्या में लोगों के साथ होता है। इसमें लोगों को कॉल करके उनसे उनके बैंक डिटेल्स और ओटीपी मांगते हैं और किसी भी लालच में फंसा कर उनसे लाखों की ठगी कर लेते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम ज्यादातर पढ़े-लिखे लोगों के साथ होता है। पढ़े-लिखे लोग इसलिए, क्योंकि वह उन्हें ऑनलाइन जॉब प्रोवाइड करके पैसे इन्वेस्ट करने को बोलते हैं या किसी ऑनलाइन क्रिप्टोकरेंसी में इन्वेस्ट करके लालच देते हैं। उनसे कहते हैं कि अगर पहले वाला विड्रॉल कराना है, तो पहले कुछ अमाउंट और पे करना होगा। फिर वह उनसे प्रोसेसिंग फी के नाम पर या यह बोलकर कि आप हमारी प्रक्रिया की तरह प्रोसेसिंग नहीं कर रहे हैं, इसलिए आपकी मनी विड्रॉल नहीं हो रही है, यह कहकर उनसे ठगी कर लेते हैं।

उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए किसी भी तरह का अननोन नंबर से कॉल आने पर या आपसे ओटीपी या बैंक डिटेल्स मांगते हैं, तो कभी भी शेयर नहीं करना चाहिए। यदि आप ऐसा करते हैं तो आपके ओटीपी और बैंक डिटेल्स का मिसयूज कर आपसे ठगी कर सकते हैं।

सीएफई में मंचस्थ सीआईआई के पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

मृणाल पाल ने साइबर क्राइम का शिकार बनने से बचने के उपाय बताए। उन्होंने 16 हाइजीन फैक्टर के बारे में बात की, तो यह भी बताया कि टेक्नोलॉजी का कैसे इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने AAA (Access, Authentication, Authorigation) के बारे में जानकारी दी और साथ ही प्राइवेसी और कंप्लायंस के बारे में भी बताया मृणाल पाल ने सेक्टर स्पेसिफिक कंट्रोल्स के बारे में बताते हुए कहा कि इसमें चार मेन फैक्टर होते हैं, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी हॉस्पिटलिटी और रिटेल और सबमें मेन SPF (सेंडर पॉलिसी फ्रेमवर्क), DKIM (डोमेन की आईडेंटिफाई मैसेजिंग) और DMARC (डोमेन-बेस्ड मैसेज ऑथेंटिकेशन रिर्पोटिंग एंड कंफोर्मेंस) होते हैं।

अंत में उन्होंने इस अटैक के होने पर क्या कर सकते हैं, जानकारी दी और बताया कि पहले तो आपको अपने इंटरनेट को बंद करना चाहिए और जिसमें क्राइम हुआ है उसे सिस्टम को बंद करने के साथ ही बाकी और भी सिस्टम को स्विचऑफ करना चाहिए, फिर उसके बाद आपको CERT को इन्फॉर्म करना है और अगर रैनसमवेयर अटैक हो तो आपको एंटीवायरस/EDr OEM को कांटेक्ट करना है, फिर आपको फिर से सिस्टम को वापस बनाना है अपने लास्ट बैकअप से और सारे सिस्टम को स्कैन करना है। इसके बाद फिर लॉगइन करें। साल में एक बार छोटे पैमाने पर पूरी प्रक्रिया का मॉकड्रिल के रूप में अभ्यास करें।

अब लिंक भेज कर हो रही ठगी

वर्कशॉप में आगे बताया गया कि साइबर क्राइम अब नए तरीके से लोगों के साथ ठगी कर रहा है अब वह लिंक के साथ कनेक्ट करके आपके बैंक अकाउंट से लाखों की ठगी कर लेते हैं उन्होंने बताया कि वह आपके फोन नंबर या वाट्सएप पर लिंक भेजेंगे और आप जैसे ही उसे लिंक पर क्लिक करते हो, आपके सारे पर्सनल डिटेल्स उन तक पहुंच जाते हैं। इसलिए बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।

सुबह या रात में करते हैं फोन

साइबर ठगों ने एक टाइम फिक्स किया है। वह आपको या तो रात में कॉल करेंगे या बहुत सुबह में। रात को करीब एक या दो बजे जब आप नींद में रहते हैं या फिर सुबह-सुबह जब आप सो कर उठते हो। यह उनकी प्लानिंग होती है।

ब्लैकमेल से करते ठगी

एक दूसरा मेथड है, आपके फेस को स्कैन करके आपको ब्लैकमेल भी करते हैं। वह आपको वाट्सएप पर वीडियो कॉल करेंगे और आप जैसे ही फोन उठाते हो तो वह आपकी फोटो क्लिक कर लेते हैं। फिर उस फोटोग्राफ को क्रॉप कर-के पोर्नोग्राफी जैसे साइट पर इस्तेमाल कर ब्लैकमेल करते हैं। इस दौरान सीआईआई जमशेदपुर के जोनल चेयरमैन दिल्लू पारिख, कन्वेनर सरजीत झा व को-कॉन्वेनर शिवम कमानी के अलावा डीएसपी- साइबर क्राइम विद्यासागर ने भी अपने विचार रखे।

एनटीटीएफ के 5 छात्रों का टार्क रोबोटिस में चयन

JAMSHEDPUR : एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आरडी टाटा तकनीकी संस्थान में बीते दिनों पुणे स्थित टार्क रोबोटिक्स कंपनी द्वारा कैंपस सेलेक्शन किया गया। इसमें एनटीटीएफ के 5 छात्रों को 2.80 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। सभी छात्र फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन मेकेट्रोनिक्स इंजीनियरिंग एंड डिप्लोमा इन इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के हैं, जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स (उढ04) से टियासा डे, मेकेट्रोनिक्स (उढ15) से प्रेम कुमार दत्ता, नितिन कुमार, निखिल कुमार व राहुल प्रसाद शामिल हैं। सभी 2.80 लाख का पैकेज दिया जाएगा। इस उपलब्धि पर संस्थान की प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला, प्राचार्य प्रीता जॉन, उप प्राचार्य रमेश राय के साथ पंकज कु गुप्ता, हरीश, हिरेश, अजीत, सुष्मिता, मंजुला और उप-प्रबंधन प्रशासनिक अधिकारी वरुण कुमार ने छात्रों को बधाई दी है।

BRIEF NEWS

लोहरदगा के दुर्गम इलाकों में मतदान के लिए 14 पोलिंग पार्टियां रवाना

LOHARDAGA : लोकसभा चुनाव के तहत 13 मई को होने वाले मतदान के लिए लोहरदगा जिले के दुर्गम व सुदूरवर्ती क्षेत्र के कुल 14 मतदान केंद्रों के लिए 14 पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं। रवाना होने से पूर्व सुबह में पोलिंग पार्टियों को उनके ईवीएम के साथ मिलान किया गया और मतदान सामग्री उपलब्ध करायी गयी। कुल 14 मतदान केंद्रों में 03 मतदान केंद्रों के लिए 03 पोलिंग पार्टियों को बीएस कॉलेज स्टेडियम से हेलिकॉप्टर के माध्यम से उनके बूथ तक पहुंचाया गया। बाकी के मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रविवार 12 मई को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से निर्धारित वाहनों में रवाना होंगी।

उत्पाद विभाग ने अवैध देशी शराब निर्माण स्थल पर की छापेमारी

BOKARO : उपायुक्त के निर्देश पर को सहायक आयुक्त उत्पाद के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने गोमिया थाना अंतर्गत तेनुघाट डैम किनारे संचालित अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 21,060 केजी जावा महुआ शराब एवं 370 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों के विरूद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

करंट लगने से चार वर्षीय मासूम की मौत

GIRIDIH : जिले के गावां थाना इलाके के बिरने गांव में 440 वोल्ट के जर्जर तार टूट कर गिरने से शनिवार को चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद परिजनों ने बिजली ऑफिस के सामने शव को सड़क पर रख कर गावां तिसरी मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया है। हालांकि गावां पुलिस के काफी समझाने के बाद लोगों ने जाम हटा लिया । घटना के बाबत बताया गया है कि गावां थाना क्षेत्र के बीरने गांव निवासी सुधीर यादव का चार वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार अपने घर के पीछे खेत में खेल रहा था। इसी दौरान 440 वोल्ट का जर्जर बिजली का तार अचानक टूट कर उस पर गिर गया। बच्चे को करंट की चपेट में आता देख आस-पास के ग्रामीणों ने किसी तरह उसे वहां से निकाल कर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां ले गए, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

वज्रपात की चपेट में आकर मजदूर की मौत, एक घायल

HAZARIBAGH : आचानक शनिवार को हुई तेज बारिश के दौरान हुए वज्रपात से केरेडारी में एक मजदूर की मौत हो गई। जबकी एक अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। मृतक मजदूर कैला राम पिता जूठन राम (45) केरेडारी के पगार गांव का रहने वाला हैं। वहीं पचड़ा अंबा टोला निवासी नरेश राम के पुत्र अनिल राम गंभीर रुप से घायल हैं, जिसका ईलाज परिजन निजी तौर पर करा रहे हैं। कैला राम मजदूरी करने पास के गांव बालेदेवरी में मजदूरी करने गया था। इसी दौरान दोपहर में बारिश के साथ कड़कड़ाहट होने लगा। इसी क्रम में अचानक हुए वज्रपात की चपेट में आने से मजदूर की मौत घटना स्थल पर ही हो गई।

कोडरमा के द आई स्कूल में मदर्स डे पर ऑनलाइन प्रतियोगिता

KODERMA : कोडरमा स्थित द आई स्कूल में पाठ्य सहगामी क्रिया-कलापों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में प्ले ग्रुप से केजी के बच्चों के बीच ऑनलाइन मदर्स डे कार्ड मेकिंग और टियरिंग एण्ड पेस्ट प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में बच्चों ने कलात्मक व रचनात्मक प्रतिभा दिखाते हुए विभिन्न प्रकार के कागज से घर, फूल, छाता आदि विभिन्न सुंदर व आकर्षक डिजाइनों को बनाया। इसके साथ मां के प्रति प्यार दशार्ते हुए सुंदर कार्ड भी बनाए।

रैयतों ने एनएचएआई संवेदक के चार कर्मियों को बनाया बंधक

सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस, सभी को छुड़ाकर ले गई थाने

PHOTON NEWS PALAMU : पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड के तुंबागड़ा में शनिवार को नेशनल अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) में निर्माण करने वाली भारत वाणिज्य कंपनी के संवेदक के चार कर्मियों को रैयतों ने बंधक बना लिया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी को छुड़ाकर थाना ले गयी। रैयतों द्वारा आरोप लगाया गया कि संवेदक के सभी कर्मी गांव में जबरन जाकर लोगों को एलपीसी बनाने के लिए धमकी दे रहे थे। सूचना के बाद रैयत एकजुट हुए एवं विरोध किया और उन्हें आधे घंटे तक एक जगह पर बैठाकर रखा गया।

थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि एनएच बना रही कंपनी के कर्मियों ने मारपीट करने की जानकारी दी है। दो लाइंजनिंग ऑफिसर, एक सुपरवाइजर तथा एक वाहन का चालक शामिल है। इधर, पुलिस द्वारा संवेदक कर्मियों को थाना लाने की सूचना पर 200 से ज्यादा रैयत थाना पहुंचे थे। संवेदक एवं कर्मियों के खिलाफ पुलिस में लिखित शिकायत की। बताया गया कि इन कर्मियों को कई बार मना किया गया था कि रैयतों का मामला अपर समाहर्ता कोर्ट में चल रहा है। सरकार के निर्देश के बाद सभी लोग एलपीसी करा लेंगे, लेकिन रैयत की बातों को अनसुना करके कर्मी हमेशा नियम कानून को ताक पर रखकर रैयतों के घर पहुंच जाते थे।

घटनास्थल पर लोगों से बात करती पुलिस। ● फोटोन न्यूज

कसियाडीह की वृद्धा एतवरिया कुंवर ने कहा कि हमर जमीन जाइत बात, जिकेर मुआवजा कम मिलत बा। इसी को लेकर हमलोग उपर के साहब के पास आवेदन दिए हैं। उसकी पोती संजू कुमारी, दुलसुलमा गांव के बृजभान सिंह, फूलचंद साव, जयनाथ साहू, गुलाब सिंह द्वारा बताया गया कि चारों कर्मी हम लोगों के घर पर जाकर बार-बार एलपीसी बनवाने की धमकी देते हैं। नहीं बनाने पर जमीन का मुआवजा नहीं देने की बात कह कर हमेशा धमकाते हैं। कहा जाता है कि जमीन भी जाएगी और केस करके फंसा देंगे।

64 लाख की 22 हजार लीटर स्प्रिट बरामद

जब्त की गई स्प्रिट। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS PALAMU : लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई में 64 लाख रुपए की स्प्रिट बरामद की गई है। करीब 22 हजार लीटर स्प्रिट 175 जार (जरकिन) में भरी हुई थी। पुलिस ने इस सिलसिले में पंजाब के तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान 37 वर्ष के भीम सिंह पिता उमरिक सिंह के रूप में हुई है। कारकोर थाना डेराबसी जिला मोहाली पंजाब का निवासी है।

जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने शनिवार को जानकारी दी कि छतरपुर थाना क्षेत्र के नेवरीबार रूपचंदडीह स्थित सुदेश्वर भुइयां पिता बिरजू भुइयां के घर में अवैध स्प्रिट की बड़ी खेप टैंकर गाड़ी से प्लास्टिक के जार में भरकर अनलोड किया जा रहा है। सूचना पर छतरपुर के एसडीपीओ नौशाद आलम के नेतृत्व में छापामारी की गई। पुलिस को देखकर सुदेश्वर भुइयां के घर के पास एक टैंकर, हाइवा, पिकअप पर सवार लोग भागने लगे। बाद में एक को पकड़ा गया और उसकी पहचान भीम सिंह के रूप में हुई।

मौके से स्प्रिट से भरी हुई पिकअप, हाइवा, एक ब्रेजा कार, मोबाइल फोन जप्त किया गया और आरोपित को गिरफ्तार किया गया। पुलिस इसे बड़ी सफलता मान रही है। एसपी ने बताया कि बरामद स्प्रिट का बाजार मूल्य करीब 64 लाख रुपए है और इसे आसनसोल से लाकर बिहार ले जाने की तैयारी थी।

पेड़ से टकराई अनियंत्रित कार पत्नी की हुई मौत, पति घायल

PHOTON NEWS BOKARO : जिले के गोमिया प्रखंड स्थित ललपनिया-रामगढ़ रोड के चोरगावां के पास शनिवार सुबह अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गयी। इस हादसे में कार में सवार महिला की मौत हो गयी जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि गोमिया थाना क्षेत्र के जमकडीह निवासी पिंटू साव पत्नी कलावती देवी के साथ कार (जेएच 24जे 9715) से चोरगांवा रिश्तेदार के घर धार्मिक कार्यक्रम में गये थे। शनिवार की सुबह दोनों घर लौट रहे थे। इस बीच चोरगावां के पास कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गयी। आनन-फानन में दोनों घायलों को रांची रिम्स ले जाया गया, जहां कलावती देवी (30) की मौत हो गयी। दुर्घटना में घायल पिंटू साव को रांची के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। टक्कर इतनी जोर की थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पर ललपनिया थाना प्रभारी शशि शेखर घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षतिग्रस्त कार।

सांसद मनोज तिवारी के बयान पर चंद्रवंशी समाज में आक्रोश

PHOTON NEWS BOKARO : चंद्रवंशी नेता मिथुन चन्द्रवंशी ने कहा कि सोशल मीडिया में भाजपा सांसद मनोज तिवारी का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वे कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार की आलोचना कर रहे हैं। आलोचना के क्रम में उन्होंने 'कहार' शब्द का प्रयोग अत्यंत ही निंदनीय तरीके से किया है, जिसे लेकर राज्य के पूरे चन्द्रवंशी समाज में आक्रोश व्याप्त है।

मिथुन ने कहा कि 13 मई को बेरमो अनुमंडल का चन्द्रवंशी समाज स्वांग में बैठक कर कड़े शब्दों में निंदा करेगा और भाजपा के शीर्ष नेताओं से मांग करेगा कि सांसद मनोज तिवारी मंच के माध्यम से चन्द्रवंशी समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगें अन्यथा इसका खामियाजा एनडीए गठबंधन को भुगतना पड़ेगा।

आक्रोश जताते चंद्रवंशी समाज के लोग। ● फोटोन न्यूज

बेरमो अनुमंडल के जरासंध मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष प्रदीप रवानी ने कहा कि मनोज तिवारी भाजपा के सांसद हैं और वे इस बार भी लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हैं। उन्हें शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। मनोज तिवारी ने अहंकार में आकर कहार शब्द का इस्तेमाल निंदनीय तरीके से करते हुए चन्द्रवंशी समाज को आहत पहुंचाने का काम किया है। यदि वे सार्वजनिक रूप से चन्द्रवंशी समाज से माफी नही मांगते हैं तो उनके विरुद्ध देश के सभी थानों में मानहानि का मामला दर्ज कराया जाएगा।

झामुमो ने पूर्व विधायक जेपी वर्मा को पार्टी से किया निलंबित

PHOTON NEWS GIRIDIH : झारखंड मुक्ति मोर्चा से बगावत कर कोडरमा लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पूर्व विधायक प्रो. जयप्रकाश वर्मा को झामुमो केन्द्रीय कमेटी ने सभी पदों से मुक्त करते हुए पार्टी से निलम्बित कर दिया है। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा ने पार्टी लीक से हटकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। झामुमो इसे सहन नहीं करने वाली है। कोडरमा से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी भाकपा माले के विधायक बिनोद सिंह को झामुमो का पूरा समर्थन है। इसलिए शिबू सोरेन के निर्देश पर ही पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को पार्टी के हर पद से तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कोडरमा लोस सीट से टिकट मिलने के आश्वासन पर दो साल पहले प्रो. वर्मा ने भाजपा से इस्तीफा देकर जेएमएम की सदस्यता ग्रहण की थी लेकिन महागठबंधन में कोडरमा सीट चले जाने के कारण जेएमएम नेता चाहकर भी कुछ नहीं कर सके। लिहाजा गुस्साए प्रो. वर्मा ने पार्टी से बगावत कर दी और निर्दलीय प्रत्याशी बनकर चुनाव मैदान में डटे हैं।

भाजपा प्रत्याशी वीडी राम ने चैनपुर के गांवों का किया दौरा, मोदी सरकार के पक्ष में मांगे वोट

PHOTON NEWS PALAMU : पलामू के निवर्तमान सांसद और पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने शनिवार को चैनपुर प्रखंड के विभिन्न गांव पूर्वडीहा, लिधकी, पतरिया, बोकेया, कटुवल, कोशियारा एवं पथरा में जनसंपर्क अभियान चलाया और स्वयं तथा केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान हेतु अनुरोध किया।

मौके पर सांसद ने कहा कि सभी लोग जितने वाले प्रत्याशी नरेन्द्र मोदी के पक्ष में मतदान कीजिये। दूसरी पार्टियों को मतदान करना अपने बहुमूल्य वोट को बर्बाद करने जैसा होगा। मोदी सरकार किसी जाति-धर्म और समुदाय में विभेद नहीं करती, उनके लिए देश के सभी जाति-धर्म वर्ग समुदाय के लोग उनके परिवार हैं और उनके नजर में सिर्फ चार जातियां-गरीब, युवा, महिला और किसान हैं। आज के परिपेक्ष्य में मोदी का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। दूसरी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरी पार्टी परिवारवाद को बढ़ावा देती है, जबकि मोदी का परिवार इस देश की जनता है, वहीं पूर्व की अपेक्षा इस चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी अनुरोध किया।

लोगों के बीच वीडी राम। ● फोटोन न्यूज

यदि मोदी सरकार पुनः सत्ता में आती है तो 2029 तक भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। बताया कि 13 मई को होने वाले चुनाव का समय सुबह सात से शाम के पांच तक है, लेकिन उन्होंने लोगों को सात बजे से पहले मतदान के लिए कतार में खड़े होने का अनुरोध किया और बताया कि यदि पांच बजे शाम तक कोई व्यक्ति कतार में खड़ा हो जाता है तो उसको मतदान देने से रोका नहीं जा सकता चाहे कितनी भी देर क्यों ना हो जाए।

कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने किया जनसंपर्क अभियान

PHOTON NEWS HAZARIBAGH : लोकसभा क्षेत्र के इंडी गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने शनिवार को हजारीबाग के सदर क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने दर्जनों गांव, चौक-चौराहों पर जा कर लोगो के साथ संवाद स्थापित किया। उन्होंने लोगों के साथ भाजपा की राष्ट्रविरोधी नीतियों पर चर्चा कर देश को न्याय के रास्ते पर लाने के लिए हाथ छाप पर बटन दबा कर कांग्रेस को भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

शहरी क्षेत्र में भारी भीड़ को देख अभिभूत हुए पटेल ने कहा कि आपकी यह भीड़ बता रही है कि शहर में भी बदलाव की मांग है। यह बदलाव हो कर रहेगा और इतिहास में लिखा जाएगा। अब और चोर उचक्कों एवं व्यापारियों के चक्कर में हजारीबाग की जनता नहीं आने वाली है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा कि व्यापारियों के हाथों हजारीबाग को भी बेचने की तैयारी है। जिसने चार करोड़ में सांसद का टिकट लिया है वो सांसद बन कर यकीनन करोड़ों रुपये यहां से लूटेगा।

जनसंपर्क अभियान में शामिल जेपी पटेल व अन्य। ● फोटोन न्यूज

अज्ञात युवक का मिला अधजला शव, जांच में जुटी पुलिस

PHOTON NEWS GIRIDIH : डुमरी थाना क्षेत्र के गुरहा जंगल से शनिवार की सुबह एक अज्ञात युवक का अधजला शव मिला। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस और आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर पहुंची. फिलहाल पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटना के बाबत बताया जाता है कि शनिवार की सुबह गांव के कुछ लोग शौच के लिए गिरिडीह के गुरहा जंगल की ओर गए हुए थे। इसी दौरान ग्रामीणों को कुछ जलने की बदबू का एहसास हुआ। जब ग्रामीण जंगल के अंदर की ओर गए तो देखा कि एक युवक का शव अधजला अवस्था में पड़ा हुआ है। इसके बाद ग्रामीणों ने हो-हल्ला कर आस-पास के अन्य लोगों भी बुलाया। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी।

उत्पाद विभाग ने 1000 किलोग्राम जावा महुआ किया नष्ट

PHOTON NEWS RAMGARH : लोकसभा चुनाव के दौरान उत्पाद विभाग की टीम लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रही है। शनिवार को भी विभाग के पदाधिकारियों ने छापेमारी कर 50 लीटर अवैध महुआ शराब और 1000 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया है। यह छापेमारी अभियान गोला थाना अंतर्गत कामता गांव में भैरवी नदी के किनारे चलाई गई। यहां संचालित अवैध शराब भट्टियों में सघन और व्यापक छापामारी कर कुल 50 लीटर अवैध चुलाई शराब एवं 1000 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया। छापामारी अभियान में कामता गांव के निवासी संतोष साव, कृष्ण जीवन साव, उमेश साव, काली साव, मंसु साव आदि के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी अभियान में उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेस कुमार, अवर निरीक्षक दिलीप कुमार शर्मा, सशस्त्र गृहरक्षक के जवान विनय सिंह, कमलेश कुमार आदि शामिल थे।

अर्जुन मुंडा को अल्पसंख्यक समुदाय का भी मिल रहा पूरा समर्थन : कमाल खान

सबके विकास के लिए काम कर रही मोदी सरकार

PHOTON NEWS KHUNTI : झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सभी समुदायों के विकास के लिए काम कर रही है, वाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो, ईसाई हो अथवा कोई अन्य समुदाय का हो, भाजपा की सरकार सबको साथ और सबका विश्वसस लेकर काम कर रही है। अल्पसंख्यक समुदाय खासकर मुसलमानों में इसका काफी प्रभाव है और इस बार केंद्र में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। कामल खान शनिवार को राज्य के पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, भाजपा अल्पसंख्य मोर्चा के खूंटी जिलाध्यक्ष मो शफीक खान और मंडल अध्यक्ष कलीम खान के साथ तोरपा में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

मीडिया को जानकारी देते कमाल खान व अन्य। ● फोटोन न्यूज

कमाल खान और रामचंद्र केसरी ने दावा किया कि खूंटी संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा फिर विजयी होंगे और उनका केंद्र में मंत्री बनना तय है। कमाल खान ने कहा कि एक समय था, जब भाजपा के नाम पर मुसलमानो और ईसाइयों का डराया जाता था, लेकिन अब सभी कोई सच्चाई को समझ गये और अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी भाजपा के साथ जुड़ रह हैं। उन्होंने कहा कि रांची में मुसलमानों के लिए हज हाउस बनाया जा रहा था, लेकिन वह भी महागठबंधन के नेताओं की भेंट चढ़ गया था। राज्य मं जब रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी तो जर्जर हज हाउस को तोड़ कर फिर से विशाल और मजबूत हज हाउस का निर्माण कराया गया। यह देन भाजपा सरकार की ही है।

उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से खूंटी संसदीय क्षेत्र का खासकर अल्पसंख्य बहुल गांवों का दौरा कर रहे हैं और उन्होंने देखा कि मुस्लिम समुदाय का पूरा वोट इस बार भाजपा को मिलेगा। कलाम खान ने कहा कि जब अर्जुन मुडा राज्य के कल्याण मंत्री और बाद में मुख्यमंत्री बने, तो उन्होंने अल्पसंख्यकों के किकास के लिए काफी काम किया। कलाम खान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि मुसलमानो के एक हाथ में कुरान और दूसरे हाथ में कंप्यूटर होना चाहिए।

खान ने कहा कि मुसलमानों को दीनी शिक्षा के साथ ही विज्ञान की भी शिक्षा लेनी होगी, तभी उनका विकास होगा। कमाल खान ने कहा कि नरेंद्र मेदी की सरकार ने पूरे देश का दंगा मुक्त कर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में काम करनेवाली सरकार नहीं कमाने वाल और अपनी तिजोरी भरने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि इस बार खूंटी से अर्जुन मुंडा भारी मतों से विजयी होंगे, इतना तय है।

बोले छात्र आजसू के सदस्य, स्टूडेंट्स की परेशानियों को दूर करें प्रिंसिपल

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में एसएस मेमोरियल महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया से मुलाकात कर उन्हें महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को हो रही परेशानी से अवगत करवाया।

वरीय उपाध्यक्ष दीपक दुबे ने प्राचार्य को मांगपत्र सौंपते हुए कहा कि एसएस मेमोरियल महाविद्यालय मे जो मेंटेनेंस का काम चल रहा है, उसको सही तरीके से करवाया जाए। एसएस मेमोरियल महाविद्यालय के छात्र छात्राओं से खेलकूद के लिए जो फंड मे पैसा लिया जाता है, उस पैसे से खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए। महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत लाइब्रेरी में पुस्तक उपलब्ध कराई जाए। कक्षाएं समय से संचालित हों।

प्रिंसिपल से मिलते छात्र आजसू के सदस्य।

महाविद्यालय के कारण सिंह ने कहा कि सात दिनों में सारी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो छात्र आजसू महाविद्यालय में तालाबंदी करेगी। मांगपत्र सौंपने वालों में दीपक दुबे, हर्ष उरांव, अश्विनी पंडित, कुणाल सिंह, कारण सिंह, जैद शाह के अलावा कई अन्य सदस्य शामिल थे।

प्रेम त्याग व ममता की मूर्ति होती है मां

रमेश सर्राफ धमोरा

दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है। लेकिन मां शब्द का अर्थ समझना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है। अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो उसका कुछ अंश भी अदा नहीं कर सकते।

दुनिया में मां की तुलना भगवान से की जाती है। भारत में गंगा नदी को पवित्र मान कर मां का दर्जा दिया जाता है जो इस बात का संकेत है कि मां अपने आप में एक उपाधि है। कई धार्मिक ग्रंथो में जननी की महिमा का बखान मिलता है। प्रत्येक वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे यानी मातृ दिवस मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 12 मई को मातृ दिवस मनाया जाएगा।

मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रम्हांड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई माह के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस (मदर डे) के रूप में मनाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है जो सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नो माह तक अपने बच्चे को कोख में रखकर जन्म देती है। उसके बाद उसका लालन-पालन करती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है।

मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी जन्मदाता होती है और वही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने उपर हम सब का वजन उठाती है।

मां को संस्कृत में मातरः कहते है। मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है जिसके माध्यम से परमेश्वर अपने अंश द्वारा अपनी

शक्ति का संचार और विस्तार करता हैं। पुराणों के अनुसार मां का अर्थ लक्ष्मी है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सृष्टि का पालन करती है उसी प्रकार मां भी शिशु का पालन करती है। इस प्रकार मां को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। एक मत यह है कि इस सृष्टि का आरंभ मनु और शतरूपा नामक स्त्री-पुरुष के समागम से हुआ। मनु के नाम पर ही उनकी संतान को मनुज या मानव कहा गया। मनु की संतान को जिसने जन्म दिया उसे मां कहा गया। और इस प्रकार मां शब्द की उत्पत्ति हुई।

हमारे देश में गाय को भी गौमाता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं। मां बच्चे की पहली गुरु होती है।

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।

वाल्मीकि रामायण के इस श्लोक में आचार्य वाल्मीकि कहते हैं कि माता और मातृभूमि का स्थान स्वर्ग से भी ऊपर होता है और उनके चरणों में ही वैकुंठ धाम है।

नास्ति मातृसमा छाया, नास्ति मातृसमा गतिः।
नास्ति मातृसमं त्राण, नास्ति मातृसमा प्रिया।।

यह श्लोक जीवन में माता के महत्व को बताता है। इस श्लोक में कहा गया है, माता के समान कोई छाया नहीं है और न ही उनके समान कोई सहारा है। न तो दुनिया में मां के समान कोई रक्षक नहीं और उनके समान कोई प्रिय वस्तु भी नहीं है। महाभारत में एक प्रसंग के दौरान जब यक्ष धर्मराज युधिष्ठर से सवाल पूछते हैं कि भूमि से भारी कौन है। तब युधिष्ठर कहते हैं कि माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं। अर्थात संसार में माता का स्थान सबसे अधिक गौरवपूर्ण है।

भारतीय संस्कृति तथा कुछ ग्रंथों के अनुसार मां शब्द की उत्पत्ति गोवंश से हुई। गाय का बछड़ा जब जन्म लेता है तो उसके सर्वप्रथम रंभानें में जो स्वर निकालता है वह मां होता है। यानी कि बछड़ा अपनी जन्मदात्री को मां के नाम से पुकारता है। इस प्रकार जन्म देने वाली को मां कहकर पुकारा जाने लगा। शास्त्रों के अनुसार सर्वप्रथम बछड़े ने ही अपनी मां गाय को रंभाकर मां पुकारा और वहीं से इस शब्द की उत्पत्ति हुई।

देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना एवं प्राचीन है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरूवात हुई। 'मदर्स डे' मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है।

मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमरीकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए। जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैण्ड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हर साल माताओं के प्रति अपने आदर और सम्मान को व्यक्त करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं। विभिन्न शैलियों ने मां शब्द की व्याख्या की है। ये एक अक्षर वाला मां संबोधन पूरे ब्रह्मांड में सबसे ताकतवर शब्द माना जाता है। मां सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना है। इसका वर्णन शब्दों मे करना नामुमकिन है। मां वो है जो न सिर्फ हमे जन्म देती है बल्कि हमे जीना भी सिखाती है। मां शब्द का अर्थ है निस्वार्थ प्यार और बलिदान। मां भगवान का जीता जागता स्वरूप है। मां खुले दिल से अपने बच्चो का भरपूर ख्याल रखती है। मां वो होती है जो खुद भूखी सो जाए पर अपने बच्चो को भूखा रहने नहीं देती। उसे खुद कितनी भी तकलीफ हो वो जताती नहीं और ऐसे मे भी सिर्फ अपने बच्चो की ही सलामती की दुआ करती है। मां की ममता समुद्र से भी गहरी है।

दुनिया में हर शब्द का अर्थ समझा और समझाया जा सकता है। लेकिन मां शब्द का अर्थ समझना और समझाना दोनों ही लगभग नामुमकिन है। मां शब्द का अर्थ समझाना इसलिए नामुमकिन है क्योंकि मां के प्यार को मां के बलिदान को शब्दों में नहीं समझाया जा सकता। इसे सिर्फ अनुभव किया जा सकता है। मां के दिल में जितना प्यार अपने बच्चों के लिए होता है। अगर मां के सभी बच्चे कोशिश भी करें तो उसका कुछ अंश भी अदा नहीं कर सकते।

संपादकीय

आबादी पर सवाल

देश में हिंदुओं की आबादी में कमी आ रही है। धार्मिक अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारीः राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण (1950-2015) दस्तावेज में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने खुलासा किया है। इसमें हिन्दू आबादी के 7.82 फीसद कम होने के साथ मुसलमानों की 43.15 फीसद बढ़ने की बात की गई है। सिखों की आबादी 1.24 फीसद से बढकर 1.85 फीसद तथा इसाइयों की 2.24 फीसद से बढ कर 2.36 फीसद हो गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार बौद्ध भी बढ़े हैं, जबकि जैन व पारसियों की संख्या घटी है। यूं तो जनसंख्या के आंकड़े जनगणना के माध्यम से आते हैं। जो 2011 के बाद से नहीं हो सकी है। जनगणना 2021 में प्रस्तावित थी, जो करोना महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस अध्ययन में बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक आबादी में आए उतार-चढाव के अंतरराष्ट्रीय रुझान का पता लगाने के लिए 167 देश शामिल थे, जिसके मुताबिक भारतीय उपमहाद्वीप में मुस्लिम आबादी की बढ़ोत्तरी सबसे ज्यादा हुई। जबकि बांग्लादेश में 10 फीसद व पाकिस्तान में 10 फीसद मुसलमानों की आबादी में बढ़त देखी गई।

देश में मौजूदा वक्त में लोक सभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें सत्ताधारी दल पहले ही धार्मिक आधार पर बयानबाजियां करने और समाज में दरारें पैदा करने में हिचक नहीं रहा है। ऐसे में इस रिपोर्ट का प्रचार खास समुदाय को निशाना बनाने में सहायक साबित हो सकता है। विपक्ष भी इसे चुनावी चाल कह आरएसएस का एजेंडा चलाने का आरोप लगा रहा है। वास्तव में हम धर्मनिरपेक्ष देश हैं, जिसमें सभी धर्मो का बराबर सम्मान किया जाना और उनके साथ सहिष्णुता बरतना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। मुसलमानों की आबादी बढ़ने के कारणों में यूं तो उनकी चार शादियां, धर्मांतरण व घुसपैठ को दोषी ठहराया जा रहा है, जबकि इसके पीछे अशिक्षा व जागरूकता की कमी अधिक है। विशेष समुदाय पर देश की जनसांख्यिकी बदलने के प्रयासों का आरोप मढ़ना कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस हकीकत को झुठलाया नहीं जा सकता कि दुनिया भर में मुसलमानों की आबादी सबसे तेजी से बढ़ रही है। बीते सौ वर्षो में वे 12.5 फीसद से बढकर 22.5 फीसद हो चुके हैं। इसलिए केवल भारत में मुसलमानों की बढ़ती जनसंख्या के लिए भ्रामक प्रचार से बाज आना चाहिए। साथ ही उन्हें जागरूक करने और सेहत संबंधी फायदों के विषय में आगाह करने के प्रयास करने चाहिए।

चिंतन-मनन

दृष्टि में सब रखें

एक व्यक्ति ने कहा, सर्दी लग रही है। ठिठुर रहा हूं। दूसरे ने कहा, जाओ, कपड़ा ओढ़ लो। वह घर में गया और मलमल की चादर ओढ़ आया। आकर बोला, कपड़ा ओढ़ लिया, फिर भी ठंड लग रही है। उसने कहा, भले आदमी! मैंने कपड़ा ओढ़ने के लिए कहा था। इस ठिठुरन से बचने के लिए कैसा कपड़ा ओढ़ना है, यह विवेक तो तुम्हें होना ही चाहिए। मलमल से ठंड नहीं रूकती। वह रूकती है मोटे कपड़े से, ऊनी कपड़े से। जब तक मोटा कपड़ा या ऊनी कपड़ा नहीं ओढ़ा जाएगा, ठंड रूकेगी नहीं। कहने का अर्थ है कि यही बात देखने के विषय में है। देखना भी चल रहा है और विचार भी चल रहा है, यह नहीं होना चाहिए। देखने में केवल देखना ही चले। यह तभी संभव है जब देखना सघन हो। ठंड का रूकना तभी संभव है जब मोटा कपड़ा ओढ़ा जाए।

प्रश्न होता है कि किसे देखें? क्या देखें? अच्छा-बुरा जो भी आए उसे देखें। प्रोध आए तो उसे भी देखो। मान आए तो उसे भी देखो। वास्तव में जो प्रोध को देखता है, वही मान को देखता है। प्रोध हमारी सबसे स्थूल वृत्ति है। यह सबके समक्ष प्रत्यक्ष होती है। मान छिपा रहता है। प्रकट कम होता है। प्रोध तत्काल प्रकट हो जाता है। प्रोध का परिणाम -दुख को देखो। सुख को भी देखो। सुख के स्पंदनों को देखो। दुख के स्पंदनों को देखो। जो भी अच्छा या बुरा है, उसे देखो। श्वास को देखो। शरीर को देखो। समत्व को देखो। तटस्थता को देखो। अनन्यदर्शी को देखो। उसको देखो जहां दूसरा कोई नहीं है। चेतना के उस शुद्ध स्वभाव को देखो जहां जानने-देखने के सिवाय कुछ भी नहीं है। वही परम दर्शन है।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस : स्वास्थ्य रक्षा में सबसे महत्वपूर्ण है नर्सों का योगदान

योगेश कुमार गोयल

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी आज हम 204वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। ह्यलेडी विद द लैंपह्ल के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से ह्यफ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कारह्ल की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रेंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यो के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से ह्यलेडी विद द लैंपह्ल कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी

1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों

के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मागरिट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को ह्यअंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवसह्ल के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

सीएनजीः अब वो बात नहीं रही

अखिलेश आर्येन्दु

राजधानी दिल्ली की हवा में इन दिनों अजब किस्म का जहर घुल रहा है। अजब इसलिए कि जिस ईंधन से वाहनों को चलाना सुरक्षित घोषित किया गया था, अब वही ईंधन दम घोंट रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड(सीपीसीबी) के ताजे एयर बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एक्यूआई 224है और इस बार हवा का मिजाज बिगड़ने का अकारण नाइट्रोजन डाई आक्साईड (एनओ 2) का आधिक्य है। एनओ-2 की हवा में मौजूदगी कार्बन डाईआक्साइड से भी अधिक घातक होती है। सीपीसीबी का आकलन है कि एनओ 2 की मात्रा बढ़ने का कारण सीएनजी वाहनों से निकलने वाली रासायनिक गैस हैं।

दिल्ली में वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखने के तंत्र ने महज पीएम 2.5 और 10 को नियंत्रित करने की कोशिशें की और इसके लिए सीएनजी वाहनों की संख्या इतनी हो गई कि अब काला धुएं की जगह अदृश्य धुआं इंसानों के जीवन का दुश्मन बना है। जुलाई-21 में जारी की गई रिपोर्ट 'बिहाइंड द स्मोक स्क्रीनः सैटेलाइट डाटा रिवील एयर पॉल्यूशन इन्क्रीज इन इंडियाज एट मोस्ट पॉपुलस स्टेट कैपिटल्स' में चेतावनी दे गई थी कि साल दर साल दिल्ली सहित देश के कई बड़े शहरों में नाइट्रोजन ऑक्साइड की मात्रा में इजाफा हो रहा है। सेटेलाइट डाटा विश्लेषण

के आधार पर ग्रीनपीस इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2020 की तुलना में अप्रैल 2021 में दिल्ली में नाइट्रोजन ऑक्साइड की मात्रा 125 फीसद तक ज्यादा रही। ग्रामीण क्षेत्रों में तो नाइट्रोजन ऑक्साइड के बढ़ने के कारण खेती में अंधाधुंध रासायनिक खाद का इस्तेमाल, मवेशी पालन आदि होता है, लेकिन बड़े शहरों में इसका मूल कारण निरापद या ग्रीन फ्यूल कहे जाने वाले सीएनजी वाहनों का उत्सर्जन है। जान लें नाइट्रोजन की ऑक्सीजन के साथ मिल कर बनीं गैसें-जिन्हें 'आक्साईड आफ नाइट्रोजन' कहते हैं, मानव जीवन और पर्यावरण के लिए उतनी ही नुकसानदेह हैं जितना कार्बन आक्साईड या मोनो आक्साइड। यूरोप में हुए शोध बताते हैं कि सीएनजी वाहनों से निकलने वाले नेनो मीटर (एनएम) आकार के बेहद बारीक कण कैंसर, अल्जाइमर, फेफड़ों के रोग का खुला न्योता हैं। पूरे यूरोप में इस समय सुरक्षित ईंधन के रूप में वाहनों में सीएनजी के इस्तेमाल पर शोध चल रहे हैं। विदित हो यूरो-6 स्तर के सीएनजी वाहनों के लिए भी कण उत्सर्जन की कोई अधिकतम सीमा तय नहीं है और इसी लिए इससे उपज रहे वायु प्रदुषण और उसके इंसान के जीवन पर कुप्रभाव और वैश्विक पर्यावरण को हो रहे नुक्सान को नजरअंदाज किया जा रहा है। जान लें पर्यावरण मित्र कहे जाने वाले इस ईंधन से बेहद सूक्षम लेकिन घातक 2. 5 एनएम (नेनो मीटर) का उत्सर्जन पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में 100 से 500 गुना अधिक है। खासकर शहरी यातायात में जहां वाहन बहुत धीरे चलते हैं, भारत जैसे चरम गर्मी वाले परिवेश में सीएनजी वाहन उतनी ही मौत बांट रहे हैं जितनी डीजल कार-बसें नुकसान कर रही थी बस कार्बन के बड़े पार्टिकल कम हो गए हैं। यह सच है कि सीएनजी वाहनों से अन्य ईंधन की तुलना में पार्टिकुलेट मेटर 80 फीसद और हाइड्रो कार्बन 35 प्रतिशत कम उत्सर्जित होता है, लेकिन इससे कार्बन मोनो आक्साइड उत्सर्जन पांच गुना अधिक है। शहरों में स्मोग और वातावरण में ओजोन परत के लिए यह गैस अधिक घातक है। परिवेश में 'आक्साईड आफ नाइट्रोजन 'गैस अधिक होने का सीधा असर इंसान के स्वशन तंत्र पर पड़ता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के 2011 के एक अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि सीएनजी पर्यावरणीय कमियों के बिना नहीं है, यह कहते हुए कि सीएनजी जलाने से संभावित खतरनाक कार्बोनिल उत्सर्जन की उच्चतम दर पैदा होती है।

अध्ययन से पता चला था कि रेट्रोफिटेड सीएनजी कार इंजन 30 प्रतिशत अधिक मीथेन उत्सर्जित करते हैं। ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में कॉनर रेनॉल्ड्स और उनके सहयोगी मिलिंद कांडलीकर ने वाहनों में सीएनजी इस्तेमाल के कारण ग्रीनहाउस गैसों कार्बन डाईआक्साइड और मीथेन के प्रभावों पर शोध किया तो पाया कि इस तरह के उत्सर्जन में 30 प्रतिशत की वृद्धि है। यह जान लें कि सीएनजी भी पेट्रोल-डीजल की तरह जीवाश्म इंधन ही है। यह भी स्वीकार करना होगा कि ग्रीनहाउस गैसों की तुलना में एरोसोल (पीएम) अल्पकालिक होते हैं, उनका प्रभाव अधिक क्षेत्रीय होता है और उनके शीतलन और ताप प्रभाव की सीमा अभी भी काफी अनिश्चित है। सीएनजी से निकली नाइट्रोजन आक्साईड अब मानव जीवन के लिए खतरा बन कर उभर रही है। दुर्भाग्य है कि हम आधुनिकता के जंजाल में उन खतरों को पहले नजरअंदाज करते हैं जो आगे चल कर भयानक हो जाते हैं। जान लें प्रकृति के विपरीत ऊर्जा, हवा, पानी किसी का भी कोई विकल्प नहीं हैं। नैसर्गिकता से अधिक पाने का कोई भी उपाय इंसान को दुख ही देगा ।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Taking potshots at 'infiltrators'

ADDRESSING an election rally in Banswara (Rajasthan) recently, Prime Minister Narendra Modi forgot that he had to adhere to the model code of conduct laid down by the Election Commission of India (ECI). Without naming them, he implied that Muslims were 'infiltrators' who had at some time or the other sneaked into India. He also hinted that they had many children.What set him off? My guess is that he has come to realise that his own popularity, which was more than double that enjoyed by Rahul Gandhi in quantitative terms, has slid and that of Rahul has risen. There is still a gap in Modi's favour, but it is nowhere as comfortable as it was earlier. This knowledge is making him fretful and nervous.

Instead of maintaining dignified control over his biases, he blurted out in a moment of distress and anger that the Congress was scheming to take away the gold ornaments squirrelled away by the wives of the affluent and distribute them among the 'infiltrators' and those who birthed many children! The gaffe having been realised, the official version of his speech, put out by his propaganda team the next day, omitted references to infiltrators and large families.The ECI of yore, which had built a formidable reputation for conducting elections with justice and fairness, would have intervened swiftly if such extreme transgressions of the model code were brought to its notice. It is a shame that today's ECI has not thought it fit to act more swiftly and decisively in the PM's case. This sign of weakness will be exploited by those who are convinced that all institutions of governance are under an unwritten obligation to uphold the sole authority of the head of the ruling dispensation by bypassing the Constitution, which has guaranteed the independence of the ECI and expects it to function without fear or favour.Let us analyse the charge hurled at the Muslim community of being infiltrators. In a huge and populous country like ours, there will not be many who have crossed borders. On the militarised western border, the number is small. They sneak in to create mayhem in Muslim-majority Jammu and Kashmir. India has been attending to the problem. These particularly 'unwanted guests' are not interested in gold ornaments. They have come to keep our security forces on their toes 24x7.

Infiltration was a live problem on our eastern borders. It was more of an economic problem of the kind faced by the US, Canada and the UK, which our boys from Punjab or even Gujarat try to enter illegally in search of greener pastures.

Bangladeshis crossing over into West Bengal or Assam was a major problem that has eased in the last decade or two as the Bangladeshi economy improved, riding on the back of textile manufacture and exports. Bangladeshis, both Hindu and Muslim, had crossed over into Assam even before the liberation of Bangladesh from Pakistani domination. That influx caused a massive economic and social problem in Assam, leading to the implementation of the National Register of Citizens in that state. That matter has not been resolved as yet because more Hindus than Muslims were declared infiltrators in the count that followed. The expulsion of Hindu infiltrators went against the Hindutva ideology and led to the formulation of the Citizenship Amendment Act.If the PM was referring to all Muslims, his frustration had no legal or moral ground to stand on. The Mughals and the Afghans who invaded India left behind descendants of mixed lineage, but so did Alexander, whose Macedonian army reached the shores of the Indus after conquering the Persians.There is hardly any country in the world which can say that it is free of 'infiltrators'. All civilisations have experienced the movement of aliens. In India, the Aryans followed the Dravidians and the indigenous tribes we call Adivasis. The Mongoloid races that populate the North-East add another dimension to the scenario. And talking of Aryans, Adolf Hitler got rid of Jews and Gypsies because he wanted to ensure the purity of the Aryan race! One of the titles assumed by the Shah of Iran before the Ayatollahs took charge of the country was Aryameher (I have no intention of belittling the Aryans because my own ancestors were of that lineage, having arrived in Goa millennia ago with the sage Parshuram).

Overarching Indianness transcends differences among groups

India is one of the few nations in the world that has resolved the problem of separatism in so many states.

